राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 90 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मिजोरम में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

# बंगाल-बिहार में हिंसा थमी

## कई इलाकों में धारा 144 लागू, ममता ने जांच सीआईडी को सौंपी; नालंदा में पुलिस का मार्च, अमित शाह का सासाराम दौरा रद्द

**सीआईडी जांच होगी**

= बंगाल-बिहार के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। बंगाल के हावड़ा में जांच सीआईडी के हवाले हैं



**टीम एक्शन इंडिया/ हावड़ा/सासाराम**

**बंगाल,** बिहार, महाराष्ट्र में बीते दो दिनों में हुई हिंसा के बाद अब माहौल शांत है। हिंसा थम गई है, लेकिन तनाव अभी बरकरार है। इन राज्यों के हिंसाग्रस्त इलाकों में पुलिसबल तैनात किया गया है। बंगाल-बिहार के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। बंगाल के हावड़ा में जांच सीआईडी के हवाले हैं, लेकिन एनआईए जांच की मांग की जा रही है। यहां 30 लोगों की गिरफ्तारी हुई है और 2 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं, बिहार के नालंदा से 27, जबकि सासाराम से 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। सासाराम में फिलहाल इंटरनेट बंद कर दिया गया है। यहां गृहमंत्री का अमित शाह का दौरा होना था, जिसे रद्द कर दिया गया है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बुधवार रात दंगे करने वालों में 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उधर, हैदराबाद में रामनवमी की रैली के दौरान विवादित बयान देने के आरोप में पुलिस ने बीजेपी के सस्पेंड विधायक टी राजा सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**तीनों राज्यों में 80 से ज्यादा लोग हिरासत में:** रामनवमी के मौके पर कई राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें सामने आई थीं। बंगाल-बिहार और महाराष्ट्र में शुक्रवार को भी हिंसा हुई। तीन राज्यों में अब तक 80 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें गुजरात में 24, महाराष्ट्र में 20 और बंगाल में 36 लोग शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल के राज्यपाल से घटना की जानकारी ली है।


## हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाईः नीतीश



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार के** सासाराम और नालंदा में रामनवमी के बाद हुई हिंसा की घटनाओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि सरकार अलर्ट मोड में है। अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। गड़बड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 'ये लॉ एंड ऑर्डर का नहीं, बल्कि आपस का मामला है', गड़बड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा'। उन्होंने दोनों जिलों की हिंसात्मक वारदात के पीछे साजिश होने की बात करते हुए कहा कि पुलिस को पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं कि इसके पीछे कौन लोग हैं जो यह सब करा रहे हैं। सासाराम की घटना के बाद शुक्रवार शाम छह बजे बिहारशरीफ में हिंसा की घटना का पता चला। तुरंत पुलिस ने आला अधिकारियों के साथ वहां स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने कहा हिंसात्मक वारदात कराने वाले लोगों का पता लगाकर पुलिस उनके खिलाफ जरूर कार्रवाई करेगी। ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा जो इन घटनाओं में शामिल रहा हो। दोनों जिलों में हुई हिंसा की घटनाओं के बाद बड़े धारा 144 लागू है। साथ ही इंटरनेट भी बंद कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नालंदा के बिहारशरीफ के गगन दीवान मोहल्ले में शोभायात्रा में शामिल कुछ लोग कब्रिस्तान के ऊपर से चढ़ कर जाने लगे। इस दौरान एक पक्ष की ओर से गाली-गलौच होने लगी। फिर पथराव और आगजनी शुरू हो गई। इसके बाद नालंदा और सासाराम में इंटरनेट बंद कर दिया गया।

## भोपाल को मिली 'वंदे भारत' की सौगात



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को देश की 11वीं और मध्य प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के बीच चलेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ट्रेन में सफर कर रहे बच्चों से संवाद किया। इन 300 से ज्यादा बच्चों का चयन निबंध प्रतियोगिता के जरिये हुआ है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन के पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर में हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मृतकों को श्रद्धांजलि व परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। जो घायल हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## जयपुर ब्लास्टः सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी राज्य सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**राज्य** सरकार 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में बरी किए गए आरोपितों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार देररात मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के जिला न्यायालय के फैसले को पलटते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने सभी आरोपितों को बरी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसलिए हाई कोर्ट के फैसले के विरुद्ध राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में शीघ्र ही विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करेगी।

## इस साल खूब सताएगी गर्मीः मौसम विभाग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मौसम** विभाग की माने तो इस साल गर्मी खूब सताएगी। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल अप्रैल से जून के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। हालांकि उत्तर पूर्वी राज्यों और दक्षिण के पठार इलाके में तापमान सामान्य ही रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल केंद्रीय, पूर्वी और उत्तर पश्चिम भारत में भी लू ज्यादा दिनों तक चलेगी।

**इस साल ज्यादा सताएगी गर्मी:** एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौसम विभाग के निदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा में चलने वाली लू के दिनों और उसके प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि इस साल अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से गर्मी ज्यादा रहेगी। अप्रैल महीने में बारिश सामान्य रहेगी। वहीं पूर्वी और उत्तर पूर्वी इलाकों में बारिश सामान्य से थोड़ी कम रहने का अनुमान है।

**अल नीनो के असर से बढ़ेगी गर्मी:** बता दें कि तापमान को प्रभावित करने वाली मौसमी घटना अल नीनो की तीन साल बाद वापसी हो रही है। अल नीनो के असर से 2023 में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है। हवा, महासागरीय धारा, समुद्री और वायुमंडलीय तापमान और जीवमंडल के बीच संतुलन टूटने से अल नीनो बनता है, जिससे समुद्री जल का तापमान बढ़ जाता है। अल नीनो से प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में समय-समय पर बदलाव होते हैं, जिसका दुनिया भर के मौसम पर असर पड़ता है।

## योगी सरकार ने शुरू किया 'शारदा अभियान'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**अभियान**

= जो बच्चे किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ गए हैं या कभी स्कूल गए ही नहीं हैं, उन्हें वापस स्कूल लाया जाएगा

**स्कूल** चलो अभियान के माध्यम से छह वर्ष में प्रदेश सरकार ने 1.92 करोड़ छात्र-छात्राओं का नामांकन कराया है। योगी सरकार ने एक अप्रैल से 'शारदा' अभियान (स्कूल हर दिन आएं) की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत जो बच्चे किन्हीं कारणों से स्कूल छोड़ गए हैं या कभी स्कूल गए ही नहीं हैं, उन्हें वापस स्कूल लाया जाएगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जाए। अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत यह प्रावधान है कि 6-14 आयु वर्ग के ऐसे बच्चे जो आउट ऑफ स्कूल हैं उनका चिह्नीकरण करते हुए उनका नामांकन आयुसंगत कक्षा में कराया जाए और उन बच्चों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। इस प्रावधान को प्रभावी रूप में क्रियान्वित करने के लिए समय-समय पर जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम 'शारदा' संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 13% बढ़ाः 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रिकॉर्ड कलेक्शन**

= आईजीएसटी से सीजीएसटी को 33,408 करोड़ रुपये और एसजीएसटी को 28,187 करोड़ रुपये का निपटान किया है




**मार्च** में जीएसटी संग्रह 13%बढ़कर 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वित्त मंत्रालय ने रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी है। मार्च 2023 में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1,60,122 करोड़ रुपये रहा। जिसमें सीजीएसटी 29,546 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 37,314 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 82,907 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र किए गए 42,503 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 10,355 करोड़ रुपये है। (माल के आयात पर एकत्र किए गए 960 करोड़ रुपये सहित)। चालू वित्त वर्ष में मार्च में चौथी बार जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। यह जीएसटी के लागू होने के बाद दूसरा सबसे बड़ा संग्रहै। मार्च महीने में अब तक का सबसे अधिक आईजीएसटी संग्रह किया गया।

**सीजीएसटी के लिए केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व 62,954 करोड़ रुपये रहाः** सरकार ने नियमित निपटान के रूप में आईजीएसटी से सीजीएसटी को 33,408 करोड़ रुपये और एसजीएसटी को 28,187 करोड़ रुपये का निपटान किया है। आईजीएसटी निपटान के बाद मार्च 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 62,954 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 65,501 करोड़ रुपये रहा।

**पिछले वर्ष मार्च के मुकाबले जीएसटी संग्रह में 13% का हुआ इजाफाः** मार्च 2023 का जीएसटी राजस्व पिछले साल के इसी महीने के जीएसटी राजस्व की तुलना में 13% अधिक है। माल के आयात से राजस्व पिछले साल की तुलना में 8% अधिक था।

## पंजाब की मान सरकार कानून-व्यवस्था के सभी मोर्चे पर विफलः शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**केंद्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पंजाब की भगवंत मान सरकार को कानून-व्यवस्था के सभी मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब का माहौल पूरी तरह से बिगड़ चुका है। केंद्रीय मंत्री एवं पंजाब भाजपा के चुनाव प्रभारी शेखावत शनिवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जालंधर के पूर्व डीसीपी राजिंद्र सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में बर्फबारी से कई फीट बर्फ जमा



**देहरादूनः** आसमान से बरस रही आफत किसानों को मुसीबत में डालने वाली है। अभी भी बारिश का अंत होता नहीं दिखाई दे रहा है। 4 अप्रैल तक प्रदेश में बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि की संभावना है। बीते 4 दिनों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और बर्फबारी के कारण जहां किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है वहीं फल और सब्जी की फसल भी चौपट हो गई है। चार धाम यात्रा की तैयारियों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कृषि और आपदा प्रबंधन विभाग से हालिया स्थिति पर रिपोर्ट मांगी गई है। सभी जिलाधिकारियों से नुकसान का आकलन करने को कहा गया है। राज्य में हो रही बेमौसम बारिश और बर्फबारी के कारण जहां पहाड़ों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है।

## 'सशक्त उत्तराखंड का रोड मैप तैयार करें अधिकारी'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड** को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का प्रचार करने वाली सूबे की सरकार अब मिशन मोड पर आती दिख रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार सचिवालय में अधिकारियों की बैठक बुलाकर सशक्त उत्तराखंड के लिए उन्हें रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केदारधाम से दिए गए उस बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा, इसके बाद से ही उत्तराखंड राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार कह रहे हैं। अवसर कोई भी हो या मंच, मुख्यमंत्री 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की बात कहना नहीं भूलते हैं। उनका कहना है कि जिस तरह उनकी सरकार देश का



सबसे सशक्त नकलरोधी कानून लायी है और यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वैसे में तमाम सरकारी विभागों का कम से कम एक उत्कृष्ट योजना पर काम किया जाए, जो विकास के दृष्टिकोण से अद्वितीय हो। आज इसी सोच के साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रमुख विभागों के आला अधिकारियों की सचिवालय में बैठक बुलाई और जिसमें उनके साथ मैराथन मंथन हुई।

**आरक्षण रोस्टर जारी**

### 3 वार्ड अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए होंगे आरक्षित

## शिमला निगम में चुन कर आएंगी 20 महिला पार्षद

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शहरी** विकास विभाग ने शिमला नगर निगम के चुनाव के मद्देनजर वार्डों के आरक्षण का रोस्टर जारी कर दिया है। नगर निगम के 34 में से 14 वार्ड अनारक्षित हैं। विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार द्वारा जारी आरक्षण रोस्टर के मुताबिक निगम के 14 वार्ड महिला पार्षदों के लिए आरक्षित होंगे। 3 वार्ड अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इसके अलावा 3 वार्ड अनुसूचित जाति के पार्षदों के लिए आरक्षित होंगे। आरक्षण रोस्टर को 2011 की जनगणना के आधार पर जारी किया गया है। वार्डों के आरक्षण



रोस्टर से साफ है नगर निगम में 34 में से 20 महिला पार्षद होंगी। वार्डों का आरक्षण रोस्टर जारी होने से साफ है कि राज्य चुनाव आयोग विधान सभा के बजट सत्र के बाद नगर निगम चुनाव की घोषणा करेगा। चुनाव को लेकर भाजपा ने वार्ड प्रभारियों की तैनाती कर दी है। कांग्रेस भी नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुटी है। भाजपा के समक्ष निगम चुनाव में 2017 के प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती है। कांग्रेस इस मर्तबा निगम चुनाव में भाजपा से 2017 की हार का हिसाब बराबर करने के प्रयास में है।

**निगम के महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डः** रुलदू भट्टा, कैथू, टुटू, मज्याठा, कच्ची घाटी , टूटीकंडी ,लोअर बाजार, राम बाजार गंज, संजौली, लोअर ढली, मल्याणा, पंथाघाटी , न्यू शिमला तथा कसुम्पटी।

**अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डः** निगम चुनाव में विकास नगर, अन्नाडेल व नाभा वार्ड अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। चुनाव में खलीनी, फागली व कृष्णा नगर वार्ड अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे। 20 आरक्षित वार्डों के अलावा बाकी 14 वार्ड अनारक्षित होंगे।



# किसानों के फसल खराबे के क्लेम के लिए तीन अप्रैल से दोबारा खुलेगा पोर्टल: डिप्टी सीएम

## पीपीपी के डाटा की मदद से छह लाख नए बीपीएल कार्ड बने: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्श इंडिया/चंडीगढ़/जींद**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हाल ही में बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से हो रहे रबी फसल के नुकसान के कारण हरियाणा सरकार तीन अप्रैल से क्षतिपूर्ति पोर्टल को किसानों के लिए दोबारा खोल रही है। उन्होंने कहा कि जिन भी किसानों को फसल खराबे के कारण नुकसान हुआ है उन सभी किसानों को सरकार द्वारा पूरा मुआवजा दिया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार द्वारा स्पेशल गिरदावरी के आदेश दे दिए गए है और फसल नुकसान का जिलेवार रिव्यू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने पर किसानों की फसल के नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा



की जाएगी। शनिवार को डिप्टी सीएम उचाना हलके के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आई तमाम दिक्कतों को दूर कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप छह लाख नए बीपीएल कार्ड एवं 32 हजार नए पेंशन धारक जुड़ गए है। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी किसी ग्राम पंचायत को कोई समस्या है तो उसके लिए कैंप का आयोजन ग्राम स्तर पर करवा दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ग्रामीण युवाओं की बेहतर शिक्षा सुविधा के लिए गांवों में ई-लाइब्रेरी की

**8 जिन भी किसानों को फसल खराबे के कारण नुकसान हुआ है उन सभी किसानों को सरकार द्वारा पूरा मुआवजा दिया जाएगा**

व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी उन सभी गांवों में खोली जाएगी, जिस गांव की पंचायत चौपाल, स्कूल, आंगनवाडी केन्द्र, पंचायत भवन तथा ग्राम सचिवालय इत्यादी सार्वजनिक भवनों में अतिरिक्त कमरा या हाल उपलब्ध करवाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा ये सभी लाइब्रेरी इंटरनेट वाईफाई, एलईडी स्क्रीन, कंप्यूटर जैसी सभी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होंगी। इन लाइब्रेरियों की स्थापना से गांव के पढ़े लिखे लड़के और लड़कियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव बधाना में गांव वासियों के द्वारा रखी गई खेल स्टेडियम की मांग को पूरा करने की सहमति जताई और एनसीसी ट्रेनिंग सेंटर का सब सेंटर बनवाने का पूरा प्रयास करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि यदि ग्राम पंचायत दो एकड़ भूमि देती है तो गांव में एक कम्युनिटी सेंटर, गांव की एससी चौपाल में डिजिटल लाइब्रेरी बनवाने के लिए पांच लाख रुपये देने, गांव के तीन तालाबों के सफाई एवं सौंदर्यकरण एवं गांव की फिरनी पर लाइट की व्यवस्था भी करवा दी जाएगी।

# हरियाणा पहुंची भारतीय महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा: मां ने आरती उतारी

## वुमेन क्रिकेटर बोलीं- डब्ल्यूपीएल से नई प्रतिभाएं सामने आएंगी

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा** के रोहतक स्थित अपने निवासी पर अंडर 19 टी20 जूनियर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप विजेता भारतीय महिला टीम की कप्तान शेफाली वर्मा पहुंची। रोहतक पहुंचने पर शेफाली वर्मा का उनके परिवार और रिश्तेदारों ने जोरदार स्वागत किया। भले वे महिला विश्व कप में अधिक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। मगर शेफाली की महिला आईपीएल में 2 करोड़ में बोली लगी थी और बेहतर प्रदर्शन किया। शेफाली के घर पहुंचने पर मां प्रवीन ने आरती उतारी। वहीं शेफाली ने वुमेन प्रीमियर लीग की सराहना करते हुए कहा कि इससे नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। शेफाली वर्मा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिवार और कोच को दिया। उन्होंने कहा कि वह आगे बेहतर खेलेंगी। माता पिता ने भी अपनी लाडली की कामयाबी पर खुशी




जाहिर की। शेफाली ने भी अपने अनुभव सांझा किए और कहा अब वे खूब मेहनत करेंगी।

**कप्तानी को नहीं होने दिया हावी:** अंडर 19 टी20 महिला क्रिकेट विश्वकप के दौरान उन्होंने कभी भी कप्तानी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। अपनी टीम के मनोबल को बढ़ाती रही और टीम ने बहुत बेहतर काम किया। जिसके चलते वे विश्वकप जीत पाए। सीनियर विश्वकप के दौरान जो खामियां रही उन खामियों को भी ठीक करके भविष्य में मेहनत करेंगे और उन्हें पूरी उम्मीद है कि अगला विश्व कप भारतीय टीम जीतकर अपना परचम लहराएगी।

**जीत पर जताई खुशी:** शेफाली वर्मा ने कहा कि टी20 जूनियर महिला वर्ल्ड कप जीतने पर बहुत खुशी हुई।
यह महिला खिलाड़ियों के लिए पहला वर्ल्ड कप रहा। सभी के आशीर्वाद से यहां तक पहुंची हूं।

# मंडियों में फसल बेचने में किसानों को होगी दिक्कत : कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**कांग्रेस** की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल खराब होने से परेशान प्रदेश के किसानों की दिक्कत अभी और बढ़ने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के इशारे पर किसानों को मंडियों में परेशान करने की साजिश रची गई है। इसके तहत उन्हें फसल बेचने में दिक्कत खड़ी होने वाली हैं। क्योंकि अभी तक 13 लाख एकड़ से अधिक रकबा में बोई गई



फसलों को जिला स्तर पर वेरिफाई ही नहीं किया गया है। कुमारी सैलजा ने शनिवार को एक बयान में कहा कि एक अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू करने का दावा करने वाली सरकार अधिकतर जगह फसल की खरीद शुरू ही नहीं कर पाई। विभिन्न मंडियों से सूचना मिली कि खरीद की तैयारी ही पूरी नहीं की गई हैं। किसानों ने गेहूं समेत अन्य फसलों के लिए करीब 57 लाख एकड़ में बुआई को लेकर अपना पंजीकरण कराया हुआ है।

# मेयर ने किया निगम कार्यालयों का निरीक्षण

**पंचकूला।** वित्त वर्ष के पहले दिन पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल एक्शन मोड में नजर आए, उन्होंने शनिवार को नगर निगम के विभिन्न कार्यालयों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 95 प्रतिशत कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए, जिनकी गैर हाजिरी लगाकर 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने कुछ माह पूर्व जनता से जुड़े कार्यों में लगे कर्मचारियों को शनिवार को भी आने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद कुछ समय तक सभी कर्मचारी ड्यूटी पर हाजिर पाए गए, लेकिन पिछले कुछ समय से यह कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आने की शिकायतें महापौर के पास आ रही थी।

# 'आदमपुर में 190 करोड़ के विकास कार्य प्रगति पर'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**पूर्व** सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं विधायक भव्य बिश्नोई ने कहा है कि आदमपुर उपचुनाव के मात्र चार माह में ही हलके के हर गांव व मंडी में विकास कार्य प्रगति पर हैं। क्षेत्र की जनता ने हमेशा की तरह भजनलाल परिवार पर जो विश्वास उपचुनाव में जताया, उसके लिए वह तहेदिल से आभारी रहेंगे और कभी भी इस विश्वास को टूटने नहीं देंगे। आदमपुर में बिजली कनैक्शन, खाल निर्माण, सडक, सीवरेज, पेयजल से लेकर गौशालाओं, चौपालों में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं और काफी जगहों पर विकास कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं। कुलदीप बिश्नोई एवं भव्य बिश्नोई



शनिवार को आदमपुर हलके के गांवों का दौरा कर रहे थे। उन्होंने आदमपुर पूर्वी व पश्चिमी पाना, लाखपुल, सीसवाल, ढाणी सीसवाल, काबरेल, सलेमगढ़, जाखोद, लाडवी, मलापुर, न्योली खुर्द, काजला, दुर्जनपुर, झीड़ी, ठसका, ढंढूर, तेजा मार्केट, पक्की डिग्गी, बीड़ बबरान व पीरांवाली में सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने उपचुनाव में जीत के लिए आभार जताया तथा गांवों में जारी विकास कार्यों का जायजा भी लिया। भव्य ने बताया कि पिछले चार माह में आदमपुर हलके में 190 करोड़ 40 लाख रूपए के विकास कार्य चल रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर पूर्ण भी हो चुके हैं। भव्य ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद, कुलदीप बिश्नोई और हम सबके संयुक्त प्रयासों से जवाहर नगर व मंडी आदमपुर में 36 करोड़ की लागत से बरसाती नाले के लिए पाईप लाईन डालने का कार्य तेजी से जारी है। इसी तरह मंडी आदमपुर, आदमपुर गांव व जवाहर नगर में सीवरेज लाईन एवं ट्रीटमेंट प्लांट के 95 करोड़ रूपए के कार्य की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अप्रैल माह में टैंडर लगते ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने रामदेव मंदिर निर्माण का उद्घाटन भी किया।

# हिसार में मंत्री कमल गुप्ता का जबरदस्त विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा के हिसार में मंत्री कमल गुप्ता को एकाएक सफाई कर्मचारियों का विरोध झेलना पड़ा। इसी विरोध के चलते मंत्री को अपना कार्यक्रम स्थल बदलना पड़ा। दरअसल, मंत्री कमल गुप्ता का नगर निगम की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम नगर निगम स्थित कार्यालय में रखा हुआ था। मंत्री के कार्यक्रम की भनक निगम के प्रदर्शनकारी सफाई कर्मचारियों को लग गई। वह काले झंडे लेकर कार्यक्रम में पहुंच गए।
अधिकारियों ने विरोध को देखते हुए तुरंत कार्यक्रम स्थल बदल दिया। मंत्री कमल गुप्ता और मेयर गौतम सरदाना ने शहर के मधुबन पार्क से गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई।

**10 वार्डों में एजेंसी के माध्यम से कलेक्शन:** डॉ. कमल गुप्ता ने मधुबन पार्क मे आयोजित कार्यक्रम में कहा है कि विकास का दूसरा नाम भाजपा है। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए 35 गाड़ियों, 12 ट्रेक्टर, 2 लोडर, 1 जेसीबी को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने शहर को लगभग दस करोड़ के कार्यों की सौगात प्रदान की। जिनमें मंत्री ने आज



शांति नगर मे सामुदायिक केंद्र बनाया जाएगा। वार्ड नंबर 15 पीएलए में सड़क के साथ बड़वाली ढाणी में फाटक के पास रोड़ का उद्घाटन भी किया। महापौर गौतम सरदाना ने बताया कि अगर कोई सफाई की गाड़ी उनके एरिया में नहीं आती है तो 14420 पर कॉल करें और शिकायत दर्ज करवाएं। उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहर के 1 से 10 वार्डों में एजेंसी के माध्यम से कचरा इकट्ठा किया जाएगा। एजेंसी न केवल कचरा एकत्रित करेगी, बल्कि उसका अलग- अलग निपटान भी करेगी। बदले में निगम एजेंसी को 6 करोड़ 93 लाख का भुगतान करेगा।

**पहले 5 वार्ड थे एजेंसी के पास:** पहले नगर निगम ने 5 वार्डों की सफाई का काम ठेके पर दिया हुआ था और बाकी बचे 15 वार्डों से नगर निगम खुद यह कार्य कर रहा था।

मगर यह ठेका पूरा होने के बाद निगम प्रशासन ने शहर के 10 वार्डों से घर- घर कचरा एकत्रित करने के कार्य को ठेके के माध्यम से करवाने का फैसला किया था।

# आप ने गुरुग्राम में चलाया मोदी हटाओ-देश बचाओ पोस्टर अभियान

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को गुरुग्राम में मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान की शुरूआत की। राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता ने मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान का आगाज किया। पोस्टर लगाने के दौरान पुलिसकर्मियों ने पोस्टर भी हटाए। आम आदमी पार्टीके कार्यकर्ता लोकतंत्र बचाओ और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाते रहे। इससे पूर्व पत्रकार वार्ता में डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के अंदर मोदी हटाओ, देश बचाओ का पोस्टर लगा और हुकूमत थर्रा गई।

# राघव-परिणीति की सगाई कब?: पिता बोले- अभी कहना जल्दबाजी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**आम आदमी पार्टी** (आप) सांसद राघव चड्ढा और अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के रिलेशन की चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस बीच परिणीति के पिता पवन चोपड़ा ने कहा कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। परिणीति की मां ने भी कुछ कहने से इनकार कर दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द कपल अपने रिलेशनशिप की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर सकता है और जल्द ही सगाई हो सकती हैं। बता दें कि परिणीति चोपड़ा और ऐप सांसद राघव चड्ढा ने अपनी रिलेशनशिप अभी ऑफिशियल नहीं की है, लेकिन आप सांसद संजीव अरोड़ा ने दोनों की फोटोज शेयर करते हुए इनके रिश्ते पर मुहर लगा दी।

**अंबाला में रहते हैं परिणीति के माता-पिता:** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का जन्म 22 अक्टूबर 1988 को अंबाला में हुआ था। उनकी शुरूआती पढ़ाई भी यहीं से हुई। परिणीति के पिता पवन चोपड़ा और उनकी माता अंबाला कैंट में रहते हैं। पवन चोपड़ा की कैंट की राय मार्केट में स्पेयर पार्ट की दुकान है। परिणीति और प्रियंका चोपड़ा अंबाला कैंट आते रहे हैं।

**राघव और परिणीति ने साथ में किया था डिनर:** राघव और परिणीति काफी समय एक-दूसरे को पसंद करते हैं और उनका परिवार भी रिश्ते के लिए राजी है। हाल ही में मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर साथ देखा गया था। दोनों ने लंच और डिनर साथ किया था, जिसके बाद से ही दोनों के रिलेशनशिप की खबरें लाइमलाइट में आईं।

**कॉलेज से एक-दूसरे को जानते हैं राघव और परिणीति:** राघव और परिणीति एक-दूसरे को तब से जानते हैं, जब वो इंग्लैंड में पढ़ाई कर रहे थे। परिणीति ने मैनेचेस्टर बिजनेस स्कूल से पढ़ाई की है। वहीं, राघव लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पढ़े हैं। परिणीति और राघव को इंग्लैंड में भारत यूके आउटस्टैंडिंग अचीवर्स अवॉर्ड से भी नवाजा गया था। इस इवेंट में ब्रिटिश यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट को सम्मानित किया गया था।

# 'भाजपा हर किसी की आवाज को दबाने का कर रही है काम'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा के** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राहुल गांधी प्रकरण पर बोलते हुए कहा कि देश की सत्ता तानाशाही पर उतर आई है। हर किसी की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। पर लोकतंत्र में किसी की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा शनिवार को इसराना के सरपंच राजेश जागलान के आवास मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री
हुड्डा का पगड़ी बांध कर स्वागत किया गया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर कानूनी लड़ाई भी लड़ रही है। किसानों की सरसों को एमएसपी पर नहीं खरीदे जाने पर उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के शासन में किसी भी फसल के वाजिब दाम नही मिल रहे है। सरकार के एमएसपी देने के दावे सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गए है। फसलें खराब होने के मुद्दे पर कहा कि जिन किसानों की गेंहू की फसल खराब हुई है, सरकार तुरंत सर्वे करवाकर 25 हजार रुपए प्रति एकड़ किसान को मुआवजा दे और गेहूं पर 500 रूपए
प्रति क्विंटल बोनस दिया जाये। सरपंच आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि गांव की सरकार को उसके पंचायती राज संस्थाओं के तहत मिले हुए सभी हक देने चाहिये। हर वर्ग के साथ टकराव का रास्ता त्याग कर समाधान की बात करे ताकि गांव के रुके विकास कार्यो को रफ्तार मिल सके। इस अवसर पर विधायक बलबीर वाल्मीकि, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, वरिष्ठ नेता खुशी राम जागलान, डॉ कर्ण सिंह कादियान, पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू, सरपंच राजेश जागलान, राम सिंह जागलान, हवा सिंह कादियान, राज सिंह आर्य, सुमेर सिंह पूठर, नरेश घणघस, राहुल बुड़शाम, मोनू नांदल डाहर, महेंद्र बलाना, दिलबाग शाहपुर, कुलदीप देशवाल व संदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली से हेरोइन लाकर सप्लाई के प्रयास में धरे गए

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**पुलिस ने नशीले पदा**र्थों का व्यापार करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए मोटरसाइकिल सवार एक युवक-युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 500 ग्राम हेराइन/चिट्टा बरामद किया है। पुलिस उप अधीक्षक कप्तान सिंह ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव पीरावली के पास मौजूद थी। उसी समय सूचना मिली कि हिसार बस स्टैंड से एक युवक और युवती मोटरसाइकिल पर सवार होकर आदमपुर जाने की तैयारी में है और उनके पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ हो सकता है। सूचना के बाद पुलिस ने बगला रोड, हिसार पहुंचकर नाकाबंदी की। कुछ समय बाद हिसार की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार युवक और युवती आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को देख वे मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जिन्हें काबू कर नाम पता पूछा तो मोटरसाइकिल चालक युवक ने अपना नाम खारा बरवाला निवासी सुशील और युवती ने अपना नाम मंडी आदमपुर के ऑटो मार्केट के नजदीक रहने वाली सरोज बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रणदेव सिंह की मौजूदगी में तलाशी लेने पर सुशील के पिट्ठू बैग से एक पॉलिथीन की थैली से 400 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ। महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा सरोज की तलाशी लेने पर उसके पर्स से एक पॉलिथीन की थैली से 100 ग्राम हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि उक्त युवक और युवती दोनों लिव इन में रहते हैं और नशीले पदार्थों की तस्करी का काम करते हैं। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ये आरोपी दिल्ली से हेरोइन/ चिट्टा लाकर आदमपुर व आसपास के क्षेत्र में थोड़ा -थोड़ा करके बेचते है। ये दोनों 29 मार्च को हिसार बस स्टैंड पर मोटरसाइकिल खड़ी करके ट्रेन से रेवाड़ी होते हुए दिल्ली गए, अगले दिन दोनों ने द्वारका, दिल्ली में एक नाइजिरियन युवक से तीन लाख 50 हजार रुपये में 500 ग्राम हेरोइन/चिट्टा खरीदा और इससे अगले दिन ये ट्रेन में सवार होकर दिल्ली से हिसार आए।

# पानीपत किसान भवन के प्रधान पद का कार्यकाल बढ़ाने पर किसानों में टकराव

## -किसान भवन के प्रधान के कायार्काल को लेकर आयोजित बैठक में जिलाभर के किसानों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** किसान भवन के प्रधान के कायार्काल को लेकर किसानों में आपस में मतभेद है। किसान भवन के मौजूदा जिला प्रधान सोनू मालपुरिया तो प्रधान के कायार्काल को दो वर्ष से बढ़वाकर 5 वर्ष करवाना चाहते है पर पूर्व जिला प्रधान, उपप्रधान व किसान नेता कायार्काल बढ़ाने का विरोध कर रहे है। वहीं किसान भवन के प्रधान के कायार्काल को लेकर शनिवार को किसान भवन में जिलाभर के किसानों की बैठक हुई। जिसमें भाकियू के मौजूदा जिला प्रधान, अनेकों पूर्व जिला प्रधानों व
भाकियू पदाधिकारियों सहित जिलाभर से किसानों ने भाग लिया, बैठक की अध्यक्षता रघबीर सिंह ने की। बैठक में ज्यादातर भाकियू पदाधिकारियों व किसानों ने कहा कि शुरू से ही यह परंपरा है



कि पानीपत जिला के सभी ब्लाकों से नंबर वाईस भाकियू का जिला प्रधान दो वर्ष के लिये चुना जाएगा। इसलिये किसान भवन के प्रधान का कायार्काल दो वर्ष ही होना चाहिये। बैठक को मौजूदा जिला प्रधान सोनू मालपुरिया के अलावा पूर्व प्रधान जयकरण कादियान, सुरेश दहिया, कुलदीप बलाना, चूहड़ सिंह रावल व राज सिंह आर्य, पूर्व जिला उपप्रधान बिंटू मलिक, पूर्व सरपंच पूर्ण डिडवाड़ी, जगबीर नेता जी, भाकियू चढ़ूनी के जिला प्रधान सुधीर

**8 प्रधान के कायार्काल को दो वर्ष से बढ़वाकर 5 वर्ष करवाना चाहते है पर पूर्व जिला प्रधान, उपप्रधान व किसान नेता कायार्काल बढ़ाने का विरोध कर रहे है**

जाखड़, तेजपाल ऊझा, निशान सिंह मलिक और हरेंद्र राणा आदि ने संबोधित किया। हालांकि बैठक के समापन पर काफी उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर प्रधान का पांच साल का कायार्काल बढ़ाने का समर्थन किया तो दूसरे किसान नेताओं ने इसका सख्त विरोध किया है। सोनू मालपुरिया ने दावा किया कि जिलाभर के किसानों ने किसान भवन के प्रधान के कायार्काल को दो वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दिया गया है।

**किसान भवन पर नहीं होने देंगे किसी भी व्यक्ति विशेष का कब्जा: सुधीर जाखड़ -** पानीपत जिला के किसानों की बहुत जल्द होगी किसान महापंचायत: टिंकू देशवाल भाकियू चढ़ूनी गुट के जिला प्रधान सुधीर जाखड़ व अन्य किसानों ने आरोप
लगाया कि मौजूदा जिला प्रधान सोनू मालपुरिया कायार्काल बढ़वा कर किसान
भवन पर कब्जा करना चाहता है। उसने बाहर से अपने व्यक्ति बुलाये हुए थे
और मंचा को भी हाईजैक किया हुआ था। जबकि किसान भवन की बैठक में सिर्फ पानीपत जिला के ही किसान भाग ले सकते है। वहीं सनौली ब्लाक सरपंच
एसोसिएशन के प्रधान टिंकू देशवाल ने कहा जिला के सभी गांवों के किसानों
की बहुत जल्द ही किसान महापंचायत बुलाई जाएगी और किसी भी कीमत पर किसान भवन पर किसी का कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

# आतिथ्य सत्कार से जीता विदेशी मेहमानों का दिल

## जी-20 के प्रतिनिधियों के लिए हरियाणा सरकार की तरफ से किया गया शानदार कार्यक्रम का आयोजन, पिंजौर के यादवेंद्र गार्डन में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी की शिरकत

**8 शुक्रवार रात को पिंजौर के ऐतिहासिक यादवेंद्र गार्डन में सरकार की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने कला-संस्कृति, खान-पान और आतिथ्य सत्कार से जी-20 बैठकों में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों का दिल जीत लिया। शुक्रवार रात को पिंजौर के ऐतिहासिक यादवेंद्र गार्डन में सरकार की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें विदेशी मेहमानों को हरियाणा व देश की संस्कृति से रूबरू कराया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल और विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने



भी कार्यक्रम में शिरकत की। गार्डन में पहुंचे प्रतिनिधियों को भारत की अतिथि देवो भवः और वसुधैव कुटुंबकम्‌ की परंपरा और समृद्ध कला संस्कृति से रूबरू कराने के लिए यह आयोजन किया गया है।

**पारंपरिक वाद्य यंत्रों व तिलक लगाकर किया मेहमानों का अभिनंदन:** रात्रि के समय यादवेंद्र गार्डन रंग -बिरंगी रोशनी से सराबोर नजर आया, जो माहौल को और खुशनुमा और खास बना रहा था। विदेशी मेहमानों के आगमन पर मुख्य गेट पर पारंपरिक परिधान पहने हरियाणवी कलाकार ढोल नगाड़े बजाकर उनका अभिनंदन कर रहे थे। इसके बाद, मेहमानों को तिलक लगाकर व पारंपरिक लोक गीत गाकर स्वागत किया गया।

### मुख्यमंत्री नजर आए अनूठे अंदाज में

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल और अन्य अतिथियों ने गार्डन का भ्रमण किया और जी -20 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री अनूठे अंदाज में नजर आए। उन्होंने भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने कलाकरों से भी बातचीत की और उनकी हौसला अफजाई की। वे छोटे बच्चों के साथ भी खुशनुमा मूड में नजर आए। उन्होंने ढोल नगाड़े बजाने वाले कलाकारों के साथ मिलकर ढोल भी बजाया, जिससे कलाकार भी और अधिक जोश व उत्साहित हो उठे।

**संस्कृतिक प्रस्तुतियों से झूम उठे विदेशी मेहमान:** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। प्रदेश में विभिन्न त्योहार व अन्य अवसरों जुड़े पारंपरिक लोक नृत्यों लूर, घूमर, धमाल, फाग, फाल्गुन आदि की प्रस्तुति देते हुए हरियाणवी लोक शैली का प्रभावी रूप से प्रदर्शन किया। इससे विदेशी मेहमानों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया।

विदेशी मेहमानों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे पी दलाल, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समूह चित्र भी खिंचवाए।

### आतिथ्य सत्कार के कायल हुए मेहमान

**हरियाणा** सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिनिधियों ने हरियाणा की मेजबानी की बहुत प्रशंसा की। यहां मिले सम्मान व सत्कार को उन्होंने अतुलनीय बताया। रात्रि भोजन पर हरियाणा के व्यंजनों, कला-संस्कृति पर आधारित पेंटिंग की प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विदेशी मेहमानों को प्रमुख महत्व वाले स्थानों, कला-संस्कृति, खान-पान आदि विविध पहलुओं से रूबरू कराया गया। रात्रिभोज पर अलग अलग क्यूजीन के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के तहत मोटे अनाज से तैयार व्यंजन भी परोसे गए। इस अवसर पर मुख्य सचिव संजीव कौशल, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, भारत सरकार के कृषि विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ अभिलक्ष लिखी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक पी के अग्रवाल, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, पंचकूला के उपायुक्त महावीर कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# कट्टों में ओले भरकर प्रशासन के द्वार पहुंचे किसान

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**जिले के** विभिन्न गांवों में दो दिन पूर्व हुई बरसात व ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। लाडवी गांव के किसान गेहूं के कट्टों में ओले भरकर लघु सचिवालय पहुंचे और फिर उपायुक्त के कैंप ऑफिस पहुंचे जहां कर्मचारियों को अपना मांगपत्र सौंपा। ग्रामीण नंबरदार मांगेराम, महेंद्र सिंह, सुलतान सिंह, प्रीतम सिंह, ओमप्रकाश हिसार पहुंचे और बताया कि कल ओलावृष्टि व जलभराव के कारण सरसों व गेहूं की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। नंबरदार मांगेराम ने कहा कि ओले हम अपने साथ कट्टों में भरकर लाए हैं। गेहूं और सरसों की पकी हुई फसल नष्ट हो गई। किसान कुलदीप ने कहा कि ओलावृष्टि से करीब 90 प्रतिशत नुकसान हो गया। पशुओं को भी नुकसान हुआ। उन्होंने सरकार से मांग की कि पोर्टल खोलें और विशेष

**8 गेहूं-सरसों की पकी हुई फसल नष्ट हो गई। किसान कुलदीप ने कहा कि ओलावृष्टि से करीब 90 प्रतिशत नुकसान हो गया**

गिरदावरी करवाएं। किसानों ने बताया कि सीसवाल, मलापुर, जाखोद खेड़ा सहित 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में ओलावृष्टि हुई है। सीसवाल गांव के किसान दलीप बेनीवाल का कहना है कि ओलावृष्टि से पकाई पर आई सरसों व गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार को अविलंब किसानों की सहायता करनी चाहिए।

उधर, उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा है कि बीते दिनों भारी बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण प्रभावित हुई रबी फसलों के नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल तीन अप्रैल तक खोला गया है।

# 'किसानों के गन्ने का बकाया देने के लिए 311.32 करोड़ रुपए की राशि जारी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार ने राज्य की सहकारी चीनी मिलों के किसानों की गन्ने की बकाया पेमेंट का भुगतान करने के लिए 311.32 करोड़ रुपए की राशि जारी की है। हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस राशि से राज्य की 10 सहकारी चीनी मिलों के किसानों की बकाया गन्ना की राशि का भुगतान किया जा सकेगा। यह राशि जारी करना सरकार की किसान हितैषी सोच को दशार्ती है। इस प्रकार सरकार ने हमेशा ही किसान हित में

**8 मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादक किसानों को एक और तोहफा देकर दुग्ध उत्पादकों के परिवारों का भविष्य भी सुरक्षित करने का कार्य किया है**

निर्णय लेकर किसानों को लाभान्वित करने के साथ ही किसान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए हैं । उन्होंने कहा कि सरकार हाल ही में ओलावृष्टि एवम बरसात से प्रभावित हुई फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए भी जल्द ही मुआवजा देने का कार्य करेगी।

**अब दुग्ध उत्पादकों को मिलेंगे दस लाख:** सहकारिता मंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों के लिए भी सहकारी विभाग द्वारा अहम निर्णय लिया गया है। पहले दुग्ध उत्पादकों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर संस्था द्वारा 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती थी जिसे बढ़ाकर दस लाख रुपए कर दिया गया है। यह फैसला 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी हो गया है।

उन्होंने कहा कि यह दुग्ध उत्पादको के हित में लिया गया अहम फैसला है। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादक किसानों को एक और तोहफा देकर दुग्ध उत्पादकों के परिवारों का भविष्य भी सुरक्षित करने का कार्य किया है।

# गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर धरना देकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**विभागों** के झगड़े में विकास कार्य को रोकने पर गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को सड़क पर धरना देकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर तहसीलदार, फरकपुर थाना प्रभारी सहित विभागों के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बता दें कि यमुनानगर के ससोली रोड से गांव सुढल की और निगम के ठेकेदार के द्वारा पाइपलाइन डाली जा रही है। जिसका उद्घाटन निगम के मेयर मदन चौहान व भाजपा के सिटी विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ने एक हफ्ते ही पहले किया था। पाइप लाइन डालने का 70 प्रतिशत काम हो चुका है। आज सुबह जब मौके पर ठेकेदार जेसीबी लगाकर मजदूरों द्वारा काम किया जा रहा था कि अचानक लोक निर्माण विभाग के अधिकारी वहां पहुंच गए और उन्होंने बिना इजाजत सड़क तोड़ने को लेकर चल रहे इस काम को रोक दिया। सड़क की ओर लगभग 25 फुट गहरे गड्ढे होने की वजह से गुस्साए ग्राम वासियों ने सड़क पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि गहरे गड्ढों की वजह से कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस कार्य को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। मौके पर तहसीलदार, फरकपुर थाना प्रभारी सहित सभी विभागों के अधिकारी भी पहुंचे। जहां पर घंटा हुई बहस के बाद विभागों में समझौता हो गया और विभागों ने अपने-अपने काम को 1 महीने में पूरा करने का समय दिया ।

# गुरुग्राम में 20 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**हरियाणा** के गुरुग्राम में सोहना के पास शनिवार को एक ट्रक 20 फुट गहरी खाई में जा गिरा। हादसा ट्रक के ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ। हालांकि राहत की बात यह है कि चालक और परिचालक इस हादसे में बाल-बाल बच गए। वहीं फ्रूट से भरा ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना के बाद सोहना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को एक ट्रक गुजरात से चीकू लेकर दिल्ली की आजादपुर मंडी के लिए चला था। ट्रक चालक दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे के जरिए सोहना होते हुए गुरुग्राम




जा रहा था। जब ट्रक सोहना इलाके में पड़ने वाली पहाड़ी (घाटी) से नीचे उतर रहा था तो अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा।

**चालक परिचालक की बाल-बाल बची जान:**
गाड़ी मालिक ने बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ है। राहत की बात यह है कि ट्रक के अंदर मौजूद चालक व परिचालक की जान बाल-बाल बच गई। दोनों को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई है। हालांकि ट्रक के अंदर भरे लाखों रुपए के चीकू खराब हो गए।







# क्षतिपूर्ति पोर्टल पर खराब फसल वाले किसानों का नही हो रहा रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**पिछले** दिनों बारिश और ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान से एक तरफ जहां किसान परेशान है वहीं सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई व मुआवजा लेने के लिए बनाए क्षतिपूर्ति पोर्टल काम नहीं कर रहा, जिससे किसानों को कृषि कार्यालयों और सीएससी सेंटरों पर चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि जिन किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसलों का पंजीकरण व करवाने के बाद बीमा कराया हुआ था। उनके आवेदन कृषि विभाग गन्नौर के कार्यालय में जमा करवा जा रहे है। शनिवार तक करीब 350 से अधिक किसानों ने आवेदन जमा कराए। दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन और किसानों ने डीआरओ को ज्ञापन सौंप कर जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की। गौरतलब है कि



पिछले दिनों हुई बारिश से क्षेत्र के किसानों की फसलों में भारी नुकसान हुआ है। इसी नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करना पड़ रहा है। गांव राजलू गढ़ी, भोगीपूर आदि गांवों के किसानों का आरोप है कि क्षतिपूर्ति पोर्टल काम नहीं कर रहा था, जिससे किसानों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ऐसे किसान जिन्होंने अपनी फसल का बीमा नहीं कराया है, उनको सरकार द्वारा नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाएगा। खंड कृषि अधिकारी डा. आन्नद श्योराण ने बताया कि वहीं, जिन किसानों ने अपनी जितनी जमीन का बीमा कराया हुआ है, उसमें हुए नुकसान का मुआवजा बीमा कंपनी द्वारा दिया जाएगा और उसी किसान की बची हुई जमीन जिसका बीमा नहीं हो रहा, लेकिन ओलावृष्टि की चपेट में आने से फसल को नुकसान हुआ उन किसानों को भी मुआवजा देने के लिए सरकार ने कहा है। कार्यालय आने वाले किसानों को पूरी मदद की जा रही है।

**चयनित गांवों के किसानों का ही क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मुआवजे का होगा आवेदन**

- कृषि विभाग के अधिकारी डा. आन्नद श्योराण ने बताया कि जिन गांवों को डिप्टी कमिश्नर कार्यालय द्वारा अधिकृत किया गया है। उन्हीं गांवों के किसानों का पोर्टल पर आवेदन होगा। वहीं किसानों का भी कहना कि वे जब आवेदन करते है तो पोर्टल पर लिखा आता है कि रिवेन्यू विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार पोर्टल पर वहीं किसान अप्लाई कर सकते है जिस गांव में फसल खराब हुई है और खराबा के अधीन आने वाले गांव का चयन डिप्टी कमिश्नर आफिस के द्वारा किया जा रहा है।

## 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल को दोबारा 3 अप्रैल तक के लिए खोला गया'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बेमौसमी बरसात से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल को दोबारा 3 अप्रैल तक के लिए खोला गया है। क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे की सूचना दर्ज करने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण अनिवार्य है। अब मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खुलने से प्रभावित किसान अपना पंजीकरण कर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की सूचना दर्ज कर सकते हैं। उपायुक्त ने किसानों का आह्वान किया कि वे मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर 3 अप्रैल तक अपनी फसलों का पंजीकरण करवाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर नुकसान को दर्ज करवाएं। सरकार की ओर से किसानों के हित में ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल को दोबारा खोला गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पारदर्शी प्रणाली से क्षतिग्रस्त फसलों के लिए आकलन, सत्यापन और मुआवजे की व्यवस्था की गई है।

## सीजेएम ने किया प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरपर्सन, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण चंद्रशेखर और मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर ने प्लेस ओफ सेफ्टी मधुबन का दौरा किया और वहां रहने वाले बच्चों/कैदियों से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत की। उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया और कानूनी सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया। सैशन जज चंद्रशेखर द्वारा सभी बच्चों कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों कैदियों को कानूनी सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम 1987 के नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने अधीक्षक को कहा कि वह बच्चों के मानसिक व कौशल में सुधार के लिए समय-समय पर खेल गतिविधियां एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियां संचालित करें, ताकि उनका मानसिक विकास और बौद्धिक विकास में सहयोग हो सके ताकि यह बच्चे अपने आप को खेल की भावना से जोडकर आपने आने वाले जीवन के बारे में बौद्धिक रूप से सोचे और सामान्य रूप से जीवन की धारा के प्रभाव में रहें।

## न्यूज फ्लैश

### पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मिलेगा वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन: योगेंद्र राणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** इंद्री की अनाज मंडी में 2 अप्रैल को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस इंद्री में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने की। बैठक में विधायक रामकुमार कश्यप, जिला प्रभारी दीपक शर्मा, सभी जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्री, तीनों मंडल के मंडल अध्यक्ष, प्रभारी व पालक मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि अनाज मंडी इंद्री मे होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ मुख्य वक्ता रहेंगे। सम्मेलन में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, सासंद संजय भाटिया, विधायक रामकुमार कश्यप, जिला प्रभारी दीपक शर्मा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने बताया कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में इंद्री के तीनों मंडल इंद्री मंडल, कुंजपुरा मंडल व गढ़ीबीरबल मंडल के तकरीबन 4 हजार पन्ना प्रमुख मौजूद रहेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि इंद्री विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल करने के लिए सभी कार्यकर्ता अपनी पूरी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बना है। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेने के लिए युवाओं के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक भी पूरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, भाजपा का संगठन मजबूत है, भाजपा में परिवारवाद के लिए कोई भी जगह नहीं है, राष्ट्र सेवा करना भाजपा कार्यकताओं का प्रथम कर्तव्य है। भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखती है और भाजपा राष्ट्र सेवा को सबसे बड़ा व सबसे प्रथम कर्तव्य मानती है। जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने बताया कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का भाजपा कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उन्होंने विभिन्न भाजपा कार्यकताओं की ड्यूटियां लगा दी है। बैठक में जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, संजय राणा, रजनी प्रोचा, जिला सचिव मंजू खैंची, जिला मीडिया प्रमुख डॉ. अशोक कुमार, जिला विस्तारक शशि दुरेजा, गढ़ीबीरबल मंडल प्रभारी मेहर सिंह, जिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी भिंडर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नंदलाल पांचाल, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विनय संधू, इंद्री मंडल अध्यक्ष अमनदीप, कुंजपुरा मंडल अध्यक्ष मोहन सैनी, गढ़ीबीरबल मंडल अध्यक्ष अमित कंबोज आदि मौजूद रहे।

### उचित दाम ना मिलने के चलते फसल बर्बाद करने को मजबूर हुए किसान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मंडी में इन दिनो सब्जी फसलों का किसानो को उचित दाम नहीं मिल रहा है। किसान इसी वजह से अपनी फसल गुस्से में आकर खुद बर्बाद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर गांव तंदवाल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक किसान अपनी गोभी की फसल को ट्रैक्टर के जरिये नष्ट करता दिखायी दे रहा है। किसान कह रहा है कि मंडी में 2 से 3 रुपए किलो गोभी बिक रही है। इतना खर्चा को मंडी तक फसल ले जाने का ही आ जाता है। ऐसे में वह क्या कमा पायेंगे। वहीं उसे दूसरे किसान यह कह रहे हैं कि कम से कम फसल का ऐसा नुकसान न करें।

### राशन वितरण की अवधि 8 अप्रैल तक बढ़ाई

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मार्च माह के राशन वितरण की अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 8 अप्रैल तक कर दी गई है। जो भी लाभार्थी अभी तक अपना मार्च माह का राशन नहीं ले पाए हैं, वे सभी अपने पात्रता अनुसार राशन नजदीकी राशन डिपो से प्राप्त कर सकते हैं।

### बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए मिलते हैं 80 हजार: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आजादी अमृतकाल में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डा.बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिसका पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ उठाना चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि इससे पहले केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही इस योजना का लाभ दिया जा रहा था। वर्तमान प्रदेश सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का सराहनीय निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया है। हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने योजना से जुड़ी जरूरी जानकारी देते हुए बताया कि मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी पात्र परिवार को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उपायुक्त ने पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा आवेदनकर्ता का नाम बीपीएल सूची में दर्ज होना चाहिए। आवेदनकर्ता को अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को बीपीएल परिवार होने का अपना जाति प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता का अपना घर होना चाहिए।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

## भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कार्यक्रम आज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**भगवान** महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल रविवार को जैन मंदिर धर्मशाला जैन गली में 1008 भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन जैन समाज द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर जैन पाठशाला व जैन स्कूल के बच्चे भगवान महावीर स्वामी जी के जीवन पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के सचिव अनिल जैन ने बताया कि इसके अगले दिन यानि सोमवार 3 अप्रैल को सुबह के समय प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। जैन ने बताया कि प्रभात फेरी के बाद शांतिनाथ भगवान का पूजन किया जाएगा और पूजन के एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापसी दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेगी। अनिल जैन ने बताया कि इसके उपरांत जैन समाज द्वारा एक भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जैन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों के अलावा दूरदराज से भी भारी संख्या में जैन समाज के लोग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 367 कंपनी में भी लगाया जाएगा भंडारा

## सूचना को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसारित किया जाना चाहिए: जसबीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने बताया कि पैनल अधिवक्ताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और फ्रंट ऑफिस के कामकाज के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए, जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में एडीआर केंद्र में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
उन्होंने अधिवक्ताओं को कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए फ्रंट ऑफिस के समक्ष प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ एलडी के समक्ष सौंपे गए मामलों की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही के डेटा को अपडेट करने के लिए सूचित किया। ट्रायल कोर्ट, ताकि आवेदकों/वादकारियों को



उनके मामलों की स्थिति के बारे में समय-समय पर सूचित किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि फ्रंट ऑफिस में पैरा-लीगल वालंटियर्स साधारण नोटिस जारी करने, आवेदनों और याचिकाओं का मसौदा तैयार करने, किसी स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान करने और बीच में मध्यस्थ के रूप में कार्य करने जैसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कानूनी सेवा संस्थानों को ऐसे व्यक्तियों को न्याय तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए। उन्होंने यह भी बताया कि फ्रंट आफिस में पैरा-लीगल वालंटियर या पैनल वकील या रिटेनर वकील, जैसा भी मामला हो, कानूनी सेवा संस्थान के कर्मचारियों से सचिवीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। सीजेएम ने पैनल अधिवक्ताओं को डीएलएसए करनाल के फ्रंट ऑफिस को बनाए रखने और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सहयोग करने पर बल दिया है। पैनल अधिवक्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों की आम जनता को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987 के तहत उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए हरियाणा सरकार द्वारा प्रदान की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए भी सूचित किया गया था।

## 'स्वस्थ रहने-शरीर में संतुलन को बनाए रखने के लिए योग सबसे अच्छा साधन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रसिद्ध योग** शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में गांव कलवेहडी में चलाए जा रहे योग शिविर में लोगों को स्वास्थ्य की प्रति जागरूक करने के लिए के मिशन के अंतर्गत योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने योग साधकों को स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के बारे में समझाया और कहा कि शरीर स्वस्थ होने से मन और आत्मा भी स्वस्थ होते हैं अर्थात मन आत्म उत्थान के पथ पर दृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने और शरीर में संतुलन को बनाए रखने



के लिए योग सबसे अच्छा साधन है। हम अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे परिवर्तन करके स्वस्थ जीवन शैली को अपना सकते हैं। आज के जीवन में कई गंभीर बीमारियां शुगर, ब्लड प्रेशर, कैंसर से बहुत से व्यक्ति ग्रस्त हैं और योग द्वारा इन बीमारियों का निदान संभव है। दिनेश गुलाटी ने स्वस्थ जीवन शैली का पालन करने और उसे किस तरह हासिल किया जाए, के विषय में समझाया।

## अंबाला में आवारा कुत्तों का आतंक, कई लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला शहर के सेक्टर 9 हाउसिंग बोर्ड में आवारा कुत्तो के आतंक के चलते स्थानीय लोग दहशत में जी रहे हैं। कालोनी में रहने वाली दो महिलाओं को दो दिन पहले कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया था। स्थानीय निवासी नरेश कुमार, सुनीता रानी, मोनू, उपासना, सुमन आदि ने बताया कि आवारा कुत्तो के चलते उनका घर से बाहर जाना मुश्किल हो गया है। रोजाना इन आवारा कुत्तों द्वारा किसी को काटे जाने की घटनाएं सामनें आ रही है।

## नबीपुर राजकीय प्राथमिक पाठशाला में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राजकीय प्राथ**मिक पाठशाला नबीपुर में शनिवार को प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता है, ताकि अभिभावकों व बच्चों को प्रेरित किया जा सके। विद्यालय के मुखिया मास्टर दलीप सिंह ने सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों, अभिभावकों व सभी एसएमसी सदस्यों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। सरकार की ओर से विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं से संबंधित स्लोगन लिखे पोस्टर प्रदर्शित किए गए एवं गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई। उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर सरकारी स्कूल में दाखिले के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्रथम दिन पांच बच्चों ने विद्यालय में दाखिला लिया। विभागीय कार्यक्रम अनुसार

**8 सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों, अभिभावकों व सभी एसएमसी सदस्यों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया**

विद्यालय में दाखिला लेने वाले बच्चों को तिलक व फूल मालाएं डालकर उनका स्वागत किया। गांव की सरपंच निर्मला देवी ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को कम नहीं आंका जा सकता। यह शिक्षक के परिश्रम पर भी निर्धारित करता है कि वह कितना प्रयास कर रहा है। बेशक आज अभिभावक निजी विद्यालयों की ओर रूख करते हैं, लेकिन सरकारी विद्यालयों में शिक्षा स्तर ऊंचा उठ चुका है। प्राथमिक पाठशाला में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देकर उनकी नींव मजबूत की जा रही है। उनके भविष्य को देखते हुए सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं।

## मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे नपा कर्मचारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नपा कर्मचारियों ने आज अपनी मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने काले झंडों के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नपा कर्मचारी पिछले छह दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। यदि फिर भी सरकार का अडियल रैवया जारी रहा तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे।
धरने पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा पहले भी



आश्वासन देकर मांगें लागू करने का वादा किया गया था और 22 दिन की हड़ताल को खत्म करवाया गया था, लेकिन एक साल के बाद भी सरकार ने मांगें नहीं मानी। जिसकी वजह से उनको दोबारा धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल करनी पड़ी है। वे अपनी मांगों को मनवाकर ही दम लेंगे। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि अपनी मांगों के संदर्भ में वह मंत्री व अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन उनकी किसी ने सुनी ही नहीं। सरकार वायदे तो कर देती है, लेकिन उनको निभाती ही नहीं है, जिसके कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति लगातार रोष बना हुआ है। अभी तक छह दिन की भूख हड़ताल के दौरान सरकार की तरफ से कोई भी संदेश नहीं आया है और न ही कर्मचारियों की भूख हड़ताल खत्म करवाने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे।

## दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
जिले में बड़ौली और उदयपुर के बीच दो बाइकों की टक्कर में घायल हुए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर उत्तर प्रदेश निवासी 65 वर्षीय ओमकार खेतीबाड़ी करता था। ओमकार बाइक पर सवार होकर उदयपुर से बड़ौली जा रहा था। जैसे ही वह उदयपुर और बड़ौली के बीच पहुंचा तो सामने से आ रही एक बाइक चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ओमकार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## फार्म हाउस पर खड़ी गाड़ी से आभूषण और नकदी चोरी

**जांच अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा** घरौंडा में एक फार्म हाउस पर खड़ी गाड़ी से अज्ञात चोर दो सोने की अंगूठी, नकदी और पासपोर्ट चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने कार मालिक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घरौंडा निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी गाड़ी को अपने चाचा ओमकार सिंह के फार्म हाउस फुरलक रोड पर खड़ी करके गया था। इस दौरान वह गाड़ी का सेन्ट्रल लॉक लगाना भूल गया था, जबकि फॉर्म हाउस के मेन गेट का ताला लगाकर वह अपने घर चला गया।




अमित कुमार ने बताया कि शाम करीब जब 5 बजे वह फॉर्म हाउस से अपनी गाड़ी लेने गया तो फार्म हाउस के मेन गेट का ताला लगा हुआ था। गेट खोलकर जब वह अंदर गया और गाड़ी में बैठकर अपना सामान चेक किया तो दो सोने की अंगूठी, 5 हजार की नकदी व उसका पासपोर्ट गायब था। पासपोर्ट की वैधता 22

**8 शाम करीब जब 5 बजे वह फॉर्म हाउस से अपनी गाड़ी लेने गया तो फार्म हाउस के मेन गेट का ताला लगा हुआ था।**

जुलाई 2025 तक है। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन चोर का कोई सुराग नहीं लग पाया।
घरौंडा थाना के जांच अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।
पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# मीडिया और समाज : दरकता विश्वास

संपादकीय

**पिछले** दिनों देश के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि किसी देश को लोकतांत्रिक रहना है, तो प्रेस को स्वतंत्र रहना चाहिए। जब प्रेस को काम करने से रोका जाता है, तो लोकतंत्र की जीवंतता से समझौता होता है। मुख्य न्यायाधीश ऐसा कहने वाली पहली विभूति नहीं हैं। उनसे पहले भी कई बार कई प्रमुख हस्तियां प्रेस और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर मिलते-जुलते विचार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त कर चुकी हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है, तो वह अकारण नहीं है। उसने समय-समय पर लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है और इसके लिए बड़ी कीमत भी चुकाई है। इसके बदले उसे समाज का, लोगों का भरपूर विश्वास और सम्मान भी हासिल हुआ है। दुर्भाग्य से बीते दो-तीन दशकों में यह विश्वास लगातार दरकता गया और सम्मान घटता गया है। मीडिया की इस घटती प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता के पीछे बहुत सारे कारण गिनाये जा सकते हैं। सबसे पहला तो यही है कि उदारीकरण की आंधी से पहले जिस मीडिया ने खुद को एक मिशन बनाए रखा था, उसने व्यावसायिकता की चकाचौंध में बहुत तेजी से अपना कॉरपोरेटाइजेशन कर लिया और खुद को मिशन की बजाए खालिस प्रोफेशन बना लिया। अब जब यह प्रोफेशन बना तो इसकी प्राथमिकताएं भी बदल गईं। जन की जगह धन साध्य बन गया। अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मीडिया प्रतिष्ठानों ने अपने तौर-तरीके पूरी तरह बदल लिए। कंटेंट की बजाय उन्होंने आइटम पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया, ताकि रीडरशिप और टीआरपी में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाई पर पहुंचा जा सके। जितनी ज्यादा ऊंचाई, उतना ज्यादा विज्ञापन राजस्व। उसमें भी भारी घालमेल। अधिकतर अखबार और टीवी चैनल सामग्री की गुणवत्ता की बजाए आंकड़ों की बाजीगरी में अधिक भरोसा करने लगे। लेकिन, या तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, या फिर परवाह नहीं की, कि इस पूरे चक्र में वे समाज और लोगों का भरोसा खो रहे हैं।

अब स्थिति यह है कि मीडिया तो लगातार विस्तार कर रहा है, लेकिन लोगों में उसकी विश्वसनीयता लगातार कम हो रही है। आज मीडिया के बहुत सारे रूप हैं। मनोरंजन को छोड़ दीजिए, तो रेडियो ज्यादा लोग सुनते नहीं, टीवी देखते नहीं, अखबार पढ़ते नहींङ्क अगर यह सब करते भी हैं, तो ये माध्यम उनके मन में कोई सकारात्मकता जगा पाने में सफल नहीं हो पाते। जबकि कालांतर में ऐसे असंख्य अवसर आए हैं, जब मीडिया ने अपने सामाजिक और लोकतांत्रिक दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया है। विश्वसनीयता के मामले में पत्रकारिता को दो वर्गों में बांटा जा सकता है। एक, 21 वीं सदी के आरंभ से पहले की पत्रकारिता और दूसरी इसके बाद की पत्रकारिता। पहले वर्ग में वह पत्रकारिता आती है जो समाज के लिए जयप्रकाश नारायण और विश्वनाथ प्रताप सिंह जैसे नायकों को मजबूती प्रदान करती थी, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती थी, जनहित के लिए सत्ता की नाक में दम किए रहती थी। दूसरी पत्रकारिता वर्ष 2000 से बाद की पत्रकारिता है, जिसमें सनसनी है, स्टिंग हैं, मीडिया ट्रायल हैं, टीआरपी है, प्रायोजित यात्राएं हैं, निहित स्वार्थ हैं। अगर कुछ नहीं है, तो समाज का विश्वास।

# ममता की भी नजर है दिल्ली की कुर्सी पर



अशोक भाटिया

"टीएमसी को इसमें भारी कामयाबी मिली है। अब हमारा लक्ष्य वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की कुर्सी से हटाना है। वही असली जीत होगी। टीएमसी नेता की इस टिप्पणी ने पार्टी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एजेंडा साफ उस वक्त ही साफ कर दिया था। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने हाल ही में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह 2024 में अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में कांग्रेस, लेफ्ट और भाजपा का अनैतिक गठबंधन बना है। इसलिए हम साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में आम जनता के साथ गठबंधन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि जो लोग भाजपा को हराना चाहते हैं वे तृणमूल कांग्रेस को जरूर वोट देंगे। बंगाल में टीएमसी ही भाजपा से मजबूती से लड़ रही है"

**इस** सप्ताह खबरों के आकाश में राहुल गांधी छाये रहे । गुजरात के कोर्ट ने मानहानि मामले में दोषी करार देकर उन्हें दो साल की सजा सुनाई और तुरंत लोक सभा से उनकी सदस्यता रद्द हो गई तो कुछ दलों के लिए बिल्ली के भागों छींका टूटना वाली कहावत चरितार्थ हो गई और रातों रात विपक्षी एकता के मायने ही बदल गए । कई दलों ने आगामी चुनाओं के लिए अपनी रणनीति में बदलाव करना शुरू कर दिए । अब तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ही देख लीजिए उनको 29 मार्च को दिल्ली आना था। वे 29 और 30 मार्च को दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली थीं। लेकिन वे दिल्ली नहीं गई । दिल्ली की बजाय उन्होंने कोलकाता में दो दिन का प्रदर्शन किया। ममता का प्रदर्शन उनके ट्रेडमार्क तरीके से बेहद नाटकीय था। वे मंच पर एक वाशिंग मशीन लेकर बैठी थीं, जिसमें उन्होंने काला कपड़ा डाला और सफेद कपड़ा निकाल कर दिखाया कि इसी तरह से भाजपा काम करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में जाते ही सारे अपराधी और आरोपी धुल कर सफेद हो जाते हैं। सवाल है कि ममता बनर्जी का दिल्ली का कार्यक्रम क्यों रद्द हुआ? तृणमूल कांग्रेस के नेता आधिकारिक रूप से इसका जवाब नहीं दे रहे हैं लेकिन अनौपचारिक बातचीत में वे मान रहे है कि मानहानि के मामले में राहुल गांधी को सूरत की अदालत से दो साल की सजा होने और उसके बाद उनकी सदस्यता समाप्त होने से सारी कहानी बदल गई। ममता को लगा कि अभी दिल्ली में प्रदर्शन करना और गैर कांग्रेस मोर्चा बनाने की बात करना उपयुक्त नहीं होगा। क्योंकि इस समय पूरा फोकस कांग्रेस और राहुल गांधी पर है। तभी उनकी पार्टी के नेता भी संसद में विपक्ष की बैठकों में शामिल होने लगे। राहुल गांधी को सजा होने और राजनीति की दिशा बदलने से पहले ममता बनर्जी बहुत आक्रामक तरीके से विपक्षी एकता के प्रयास कर रही थीं। उन्होंने गैर भाजपा और गैर कांग्रेस मोर्चा बनाने की घोषणा कर रखी थी। अपनी इस योजना के तहत वे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिली थीं। उसके बाद वे ओड़िशा के मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक से मिलने भुवनेश्वर गईं। उस बीच वे जेडीएस के नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी से मिली थीं। दिल्ली आकर वे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मिलने वाली थीं। लेकिन जब वे भुवनेश्वर में थीं उसी समय खेल बदल गया। वे 23 मार्च को नवीन पटनायक से मिलीं और उसी दिन राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त की गई। बताया जा रहा है कि तभी ममता बनर्जी ने दिल्ली आकर प्रदर्शन करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। उनकी पार्टी ने रणनीति बदल दी। उन्होंने कोलकाता में पार्टी के प्रदर्शन के दौरान विपक्षी एकता की बात कही तो उसमें से कांग्रेस को अलग नहीं किया। कांग्रेस को लेकर भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की बात कही। उनके बाद उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी सभी विपक्षी पार्टियों से अपील करते हुए कहा कि सबको मिल कर चुनाव लड़ना चाहिए। सो, राहुल गांधी मामले का असर यह हुआ कि ममता ने दिल्ली का कार्यक्रम रद्द किया और भाजपा की तरह ही कांग्रेस से भी दूरी रखने की रणनीति भी छोड़ दी। इसके पूर्व जब पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में हाल ही विधानसभा चुनाव हुए थे। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस ने त्रिपुरा और मेघालय की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी और इन राज्यों में पार्टी की सक्रियता भी बढ़ा दी गई थी। लेकिन चुनाव परिणाम से लगे झटके के बाद तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी ने अपनी रणनीति बदल ली है। ममता की पार्टी अब भाजपा और कांग्रेस से दूरी बनाए रखते हुए दोनों खेमों के विरोधी क्षेत्रीय दलों का एक समूह बनाने की कोशिश में है। पार्टी ने अप्रैल के अंत तक होने वाले पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए 25 मार्च को 20 राष्ट्रीय प्रवक्ता और 40 राज्य प्रवक्ताओं की लिस्ट जारी की है। राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की लिस्ट में बिहार-उत्तरप्रदेश के कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले टीएमसी के 12 राष्ट्रीय प्रवक्ता बंगाली मूल के थे लेकिन अब नई लिस्ट के बाद इनकी संख्या 20 हो गई है जिसमें यूपी-बिहार के भी नेता शामिल हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि ममता ने बिहार-उत्तरप्रदेश के नेताओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता क्यों बनाया है? क्या उनकी निगाहें अब दिल्ली पर है? राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की सूची में वरिष्ठ नेता में सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव, डेरेक ओब्रायन, महुआ मोइत्रा और साकेत गोखले का नाम शामिल हैं। इनके अलावा अमित मित्रा, बाबुल सुप्रीयो, चंद्रीमा भट्टाचार्या, जवाहर सरकार, काकोली घोष दस्तीदार, कीर्ती आजाद, ललीतेश त्रिपाठी, मुकुल संगमा, नदीमुल हक, रिपुन बोरा, सौगत रॉय, शशि पांजा, सुगात बोस, ताराजानो डी मेलो और विवके गुप्ता का नाम भी शामिल है। बंगाल के अलावा इन राज्यों के नेताओं को बनाया गया राष्ट्रीय प्रवक्ता -साकेत गोखले- महाराष्ट्र,रिपुन बोरा- असम ।सुष्मिता देव- असम,मुकुल संगमा- मेघालय ,कीर्ति आजाद- बिहार,ललितेश पति त्रिपाठी- यूपी

इस लिस्ट के जारी किए जाने के बाद टीएमसी के एक नेता कहा कि हमें इन प्रवक्ताओं की जरूरत इसलिए है क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी हमारे खिलाफ एसएससी स्कैम और पशुओं की तस्करी को लेकर प्रोपेगंडा चला रही है। ये प्रोपेगेंडा एकजुट विपक्ष यानी बीजेपी, सीपीआई(एम) और कांग्रेस द्वारा चलाया जा रहा था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी कहते हैं कि ममता बनर्जी को केंद्र और राज्य दोनों जगहों की राजनीति का अनुभव है। ममता बनर्जी देश में एक मात्र महिला मुख्यमंत्री भी हैं। इसलिए विपक्ष को ममता बनर्जी के चेहरे को आगे कर 2024 का चुनाव लड़ना चाहिए।उन्होंने ये भी कहा कि हमने साल 2021 में भाजपा को बंगाल में पटखनी भी दी है और सबसे मजबूती से केंद्रीय एजेंसियों से लड़ भी रहे हैं।हालांकि बनर्जी के इस मांग पर किसी अन्य पार्टी की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पिछले दिनों तमिलनाडु में यह जरूर कह दिया था कि बिना चेहरा घोषित किए 2024 का चुनाव लड़ा जाएगा। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस काफी सालों से दिल्ली की कुर्सी पर नजर टिकाए हुए है। साल 2021 में भवानीपुर विधानसभा सीट के नतीजे के एलान के बाद वरिष्ठ नेता और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने अपने एक बयान में कहा था, भवानीपुर में ममता बनर्जी की जीत कोई मुद्दा नहीं थी। हमारा लक्ष्य था जीत के अंतर को बढ़ाना और भवानीपुर से पूरे देश को संदेश देना। टीएमसी को इसमें भारी कामयाबी मिली है। अब हमारा लक्ष्य वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की कुर्सी से हटाना है। वही असली जीत होगी। टीएमसी नेता की इस टिप्पणी ने पार्टी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एजेंडा साफ उस वक्त ही साफ कर दिया था। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने हाल ही में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह 2024 में अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में कांग्रेस, लेफ्ट और भाजपा का अनैतिक गठबंधन बना है। इसलिए हम साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में आम जनता के साथ गठबंधन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि जो लोग भाजपा को हराना चाहते हैं वे तृणमूल कांग्रेस को जरूर वोट देंगे। बंगाल में टीएमसी ही भाजपा से मजबूती से लड़ रही है।



## कविता

नेताजी का ज्ञानी भाषण.
एक बार चुनाव के समय,
नेताजी को पेट्रोल पंप के उद्घाटन का मिल गया मौका।
फीता काटकर किया उद्घाटन।
जनता के बीच भाषण देकर लगाना चाहते थे चौका।
उन्होंने थोड़ा सोचा,
फिर मालिक से पूछा,
थोड़ा यह तो बताओ,
मेरा ज्ञान बढ़ाओ,
तुम्हें यह कैसे पता चला,
पंप के नीचे पेट्रोल है भला,
पंप का मालिक चकराया,
उनके अल्प ज्ञान पर भरमाया,
इसके पहले वह कुछ बोलता,
एक चमचा वहां आ टपका,
बोला हुजूर,
जैसे पानी के पंप के नीचे जल की धारा बह रही है,
हमारे शासन में विकास की धारा बह रही है,
उसी तरह इस पंप के नीचे पेट्रोल की धारा बह रही है,
नेताजी को उसके ज्ञान पर था पूरा भरोसा,
जनता के बीच पेट्रोल की धारा पर उन्होंने लंबा भाषण परोसा,
जनता इससे पहले कुछ समझती,
अपना रिएक्शन दिखाती,
पंप के मालिक के शर्म से उड़ गए होश

संजीव
---------

## चिरंजीवी पुत्र व सुख समृद्धि प्रदात्ता मदन द्वादशी व्रत

**अशोक प्रवृद्ध**

**पौराणिक** मान्यतानुसार चिरंजीवी पुत्र और सुख -समृद्धि की प्राप्ति के उद्देश्य सेचैत्र मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी कोमदन द्वादशी का व्रत किए जाने की परिपाटी है।इस व्रत में काम पूजन की प्रधानता होने के कारण इसे मदन द्वादशी कहा जाता है। व्रतों के लिए प्रसिद्ध भारत में मदन द्वादशी व्रत, विविध पर्वो की मेखला से अलंकृतचैत्र मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को किया जाने वाला एक प्रसिद्ध व्रत संस्कार है।चैत्र शुक्ल द्वादशी भारतीय पंचांगके अनुसार प्रथम माह की बारहवी तिथि है, वर्षान्त में अभी 348 तिथियाँ अवशिष्ट होती हैं।इस व्रत मेंताम्र पात्र में गुड़ एवं अन्य खाद्य पदार्थों को रखकर पात्र में कामदेव एवं रति का चित्र खींच पूजनार्चना किये जाने का विधान है।व्रत में एक घट पर सोने,घट में चावल एवं फलों के साथ जल रखने,चित्र के समक्ष भोजन रखने, गीत एवं प्रेम संगीत, विष्णु की प्रतिमा को कामदेव मानकर उसकी पूजा करने का विधान है। द्वादशी को सिर्फ एक फल खाकर भूमि पर शयन करने औरदूसरे दिन व्रत करने वाले के द्वारा-कामदेव के रूप में भगवान जनार्दन जो सब के हृदय के आनन्द हैं, प्रसन्न होवें-कहकरघट का दान एवं दक्षिणा देकर ब्रह्म भोज कराने के पश्चात स्वयं लवण हीन भोजन करने तथा पुनःत्रयोदशी को उपवास रखविष्णु पूजा करने का विधान है।यह व्रत एक वर्ष तक करते हुए अन्त में गोदान एवं वस्त्र का दान औरतिल से होम करना चाहिए।कृत्यकल्पतरुव्रतखण्ड, हेमाद्रि व्रतखण्ड औरमत्स्य पुराण के अनुसार मदन द्वादशी का व्रत करने वाला सभी पापों से मुक्त हो जाता है, पुत्र एवं धन पाता है और विष्णु से तादात्म्य स्थापित कर लेता है।लोक मान्यतानुसार चैत्र शुक्ल द्वादशी से पूरे तेरहमहीने के लिए मदन द्वादशी का व्रत धारण किए जाने से पुत्र शोक नहीं होता। इस व्रत में मदन पूजा के लिए रामाय-कामाय मंत्र से आराधना करना चाहिए। इस व्रत में रात्रि जागरण का अत्यंत महात्म्य बताया गया है। मान्यता है कि प्राचीन काल में दिति ने अपने दैत्य पुत्रों की मृत्यु के पश्चात मदन द्वादशी का व्रत करके ही पुत्र रत्न की प्राप्ति की थी।

मदन द्वादशी के सम्बन्ध में प्रचलित पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक बार देवासुर संग्राम में देवताओं द्वारा संपूर्ण दैत्यकुल का संहार कर दिया गया, और माता दिति के सभी दैत्य पुत्र मृत्यु को प्राप्त हो गये। इस पर दिति को बहुत कष्ट हुआ और वह दुखी होकर पृथ्वीलोक में स्यमन्तपंचक क्षेत्र में आकर सरस्वती नदी के तट पर अपने पति महर्षि कश्यप की आराधना करते हुए तपस्या में लीन हो गई।उसने ऋषियों की भांति फलाहार, कृच्छ्र-चांद्रायणादि व्रतों का पालन एवं अनुष्ठान करते हुए वृद्धावस्था के कष्टों एवं संततिहीनता के शोक को एक साथ सहन करते हुए सौ वर्षों तक कठोर तप किया, परंतु उन्हें अभीष्ट सिद्धि की प्राप्ति नहीं हो सकी और उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई।

## विचार

# सीढ़ियों की तरह जीवन

**चन्द्र प्रभा सूद**

**हमारा जी**वन सीढ़ियों की तरह है। ऊपर जाओ तो सफलता की बुलन्दियों को छू लो और यदि नीचे उतरने पर आएँ तो गिरावट का कोई अन्त नहीं। इनके अतिरिक्त यदि घुमावदार सीढ़ियों में उलझ गए तो फिर मनुष्य को चक्करघिन्नी की तरह गोल-गोल घूमते रह जाना पड़ता है।

जितना हम जीवन में पढ़-लिखकर योग्य बनते हैं, उतनी ही उन्नति करते जाते हैं और फिर सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते जाते हैं। तब धीरे-धीरे हम हर प्रकार की सुख-समृद्धि प्राप्त करते हैं। जब वह अपने लक्ष्य तक पहुँचता है और ऊपर की सीढ़ी पर खड़ा होकर नीचे की ओर देखता है तब उसे सब बौने दिखाई देते हैं। उस समय उसे अपने साथ कोई भी खड़ा नहीं दिखता। वह स्वयं को निपट अकेला पाता है। इसका अर्थ यही है कि जितना मनुष्य ऊँचाइयों को छूता है उतना ही उसके पास समयाभाव हो जाता है। अपने कार्यालयीन दायित्वों को निपटाने में दिन-रात व्यस्त रहता है। चाहकर भी अपने पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को वाँच्छित समय नहीं दे पाने के कारण वह बिल्कुल अकेला रह जाता है। इस समय अपने उच्च पद के कारण मनुष्य को अहंकार से बचना चाहिए बल्कि उससे दूर रहना चाहिए तभी तो उसकी महानता तभी बनी रह सकती है। यदि वह चाटुकारों के मध्य घिरकर घमण्डी हो जाए तो उसका पतन निश्चित होता है।

सीढ़ियों से नीचे उतरने पर मनुष्य नीचे आ जाता है। इसी प्रकार यदि मनुष्य अपने जीवन में नीचे की ओर जाने लगे तो वह कहाँ तक पतन के रास्ते पर चलता जाएगा, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। यह अधोपतन अन्ततः मनुष्य के विनाश का कारण बन जाता है जो उसे सबसे दूर कर देता है। उसके अपने ही घर-परिवार के लोग उसे एक कलंक की तरह देखते हैं जो उनके सपनों और आशाओं को चूर-चूर कर रहा है। तब वह सभ्य समाज पर भार या बोझ की तरह हो जाता है। सभी लोग उसको हिकारत की नजर से देखते हैं। उससे मित्रता करना आम इंसान पसंद नहीं करता। सभी उससे दूर जाने की सोचते हैं और मौका मिलने पर अपमानित करने से नहीं चूकते। ऐसा व्यक्ति समाज विरोधी कार्य करता हुआ न्याय व्यवस्था का अपराधी बनकर इधर-उधर छुपता फिरता है। उसका दिन-रात का चैन नष्ट हो जाता है। अपने बन्धु-बान्धव ही उससे किनारा कर लेते हैं और वह अकेलेपन का दंश भोगने के लिए विवश हो जाता है।

घुमावदार सीढ़ियों पर गोल-गोल घुमते हुए हम लक्ष्य तक पहुँचते हैं। इसी प्रकार जीवन में भी यदि मनुष्य स्थिर बुद्धि न हो तो वह यहाँ-वहाँ भटकता रहता है। कभी सज्जनों के सगति में उन्नति करता है। यदि दुर्भाग्यवश दुर्जनों की संगति में फंस जाए तो पिछड़ जाता है।

जीवन में अनावश्यक घूमते हुए वह अपना अमूल्य समय बरबाद कर देता है पर अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाता। ऐसा व्यक्ति जीवन की बाजी हारने लगते है। उसे कदम-कदम पर निराशा का सामना करना पड़ता है। अपने ढुलमुल रवैये के कारण वह चाहकर भी आगे नहीं बढ़ पाता बल्कि फिसलकर पीछे चला जाता है जो निश्चय ही उसकी निराशा का कारण बन जाता है। आगे चलकर ही ऐसा व्यक्ति सोचने की अधिकता के कारण मानसिक रोगों का शिकार बन जाता है।

जहाँ तक हो सके अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। फिर उसके अनुसार परिश्रम करके उसे पाने का प्रयास करना चाहिए।

ऐसा नहीं है कि सफलता शत-प्रतिशत मिलेगी। कभी-कभी मनुष्य को असफलता का मुँह भी देखना पड़ेगा। इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि निराश होकर बैठा जाए। पुनः पुनः प्रयास करने पर ईश्वर अवश्य फल देता है। सीढ़ियों की तरह जीवन को ऊँचाई की ओर ले जाने का प्रयास करना हितकर होता है। इसके साथ ही यह भी याद रखना आवश्यक है कि यही सीढ़ियाँ नीचे भी लाती हैं और गोल-गोल भटकाती भी हैं। इसलिए अपनी उन्नति चाहने वाले मनुष्य के लिए सचेत रहना बहुत जरूरी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# न्यूरोलॉजिकल बीमारी है ऑटिज्म

**सुनील कुमार महला**

**2** अप्रैल को विश्व ऑटिज्म( आत्मकेंद्रित/स्वलीनता) जागरूकता दिवस है। वास्तव में, ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। स्वलीनता या यूं कहें कि ऑटिज्म मानव मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला एक प्रकार का विकार है जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार और संपर्क को प्रभावित करता है। वास्तव में, इसे आत्मविमोह और स्वपरायणता भी कहा जाता हैं। इससे प्रभावित व्यक्ति, सीमित और दोहराव युक्त व्यवहार करता है यानी कि ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्ति एक ही काम को बार-बार दोहराता है। दूसरे शब्दों में कहें तो, ऑटिज्म या आत्मविमोह / स्वलीनता, एक मानसिक रोग या मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है। वास्तव में, यह विकास संबंधी एक गंभीर विकार है और इसके लक्षण जन्म से या बाल्यावस्था (प्रथम तीन वर्षों में) में ही नजर आने लगते है और यह व्यक्ति की सामाजिक कुशलता और उस व्यक्ति विशेष की संप्रेषण क्षमता पर बहुत विपरीत प्रभाव डालता है। जिन बच्चों में यह रोग होता है उनका विकास अन्य बच्चों से असामान्य होता है। इसकी वजह से बच्चों के या ग्रसित व्यक्ति के न्यूरोसिस्टम पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे प्रभावित व्यक्ति, सीमित और दोहराव युक्त व्यवहार करता है जैसे एक ही काम को बार-बार दोहराना। यह जीवनपर्यंत बना रहने वाला विकार है। वास्तव में, ऑटिज्म / आत्मकेंद्रित डिसऑर्डर के प्रति जागरूकता लाने से संबंधित है।संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस की घोषणा 2 अप्रैल, 2007 में थी, ताकि ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों और बड़ों के जीवन में सुधार के कदम उठाए जा सकें। इस दिवस को मनाने के पीछे कारण यही है कि ऐसे बच्चों और बड़ों को जो कि इस मानसिक डिस-ऑर्डर( ऑटिज्म) से ग्रसित हैं, उन्हें सार्थक व सही जीवन बिताने में सहायता प्रदान की जा सके। नीला रंग ऑटिज्म का प्रतीक माना गया है। अन्य बीमारियों के प्रभाव की तरह ही इस बीमारी का प्रभाव भी बच्चों, परिवार, समुदाय ,समाज व देश पर पड़ता है। जानकारी मिलती है कि दुनियाभर में ऑटिज्म प्रभावित रोगियों की संख्या मधुमेह, कैंसर और एड्स के रोगियों की संख्या मिलाकर भी इससे अधिक है।

## सत्ता की जूती

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अपने** समय के मशहूर फरार डाकू निर्दयासुर फरारी कार से उतरकर रेड कार्पेट पर चलते हुए एक बहुत बड़े पांडाल में पहुँचे। पांडाल पर सजा मंच वातानुकूलित था। निर्दयासुर अपने समय के कागजी बी.ए. डिग्रीदारी थे। बाद में पता नहीं लोगों के बीच डराने-धमकाने का ऐसा कौनसा कोर्स किया कि उनकी व्यावहारिक बी.ए. (बहुत अत्याचार) डिग्री में वृद्धि हुई। कागजी बी.ए. और व्यावहारिक बी.ए. के जोड़ से अब उनका एक नया अवतार प्रकट हुआ और वह था बाबा (बी.ए.+बी.ए.)। मंच पर विदेशी ब्रांड के सोफे पर विराजमान होते हुए वे अपना प्रवचन सुनाने लगे अपनी तूती मनवाने के लिए स्वार्थ की जूती को काम पर लगाना पड़ता है। इसके प्रहार से आत्मा जागती है। दुश्मन भाग खड़े होते हैं। ढीठ से ढीठ दुश्मन सीबीआई, ईडी, आईटी, पुलिस किसी न किसी डरता ही है। उसका सही समय पर इस्तेमाल करने से कई लाभ होते हैं। यह शरीर एवं मन को जड़ता, कामनाओं के जंजाल से मुक्त करती है। शत्रुओं का चारों खाने चित करती है। महाढीठ शत्रुओं के लिए न्यायालय का सहारा लेना पड़ता है। न्यायाधीशों को जेब में उतारना पड़ता है। न्यायालय के दरवाजे के पीछे उनसे डील कर उन्हें अपने पक्ष में फैसला सुनाने के लिए पदोन्नति अथवा राज्यपाल जैसे पदों का लालच देना पड़ता है। तब कहीं जाकर महाढीठ शत्रुओं का काम तमाम होता है। सत्ता की जूती शत्रुओं के हृदय की चरम परम मोहग्रस्त भावुकता को छुड़ाने में अत्यंत उपयोगी है। यह आत्मचेतना को जगाती है। यह तो लूटने वाले नेताई मन एवं वोटर रूपी जन का परिणाम है। जब-जब शत्रुओं के दिमाग में थोड़ा-बहुत एक होने की क्षमता का विकास होता है तब-तब यह जूती उन्हें बेफिजूल सोचने और हरकतें करने से रोकती है। ऐसी जूती का सत्ता में होना बहुत जरूरी है। इसके बिना सत्ता के तेवरों का पता नहीं चलता है। उदाहरण के लिए फलाना शत्रु नेता पदयात्रा करते हुए अपनी हवा बनाने की कोशिश करने की चेष्टा करता है, तब उसके किए धराए पर पानी फेरने के लिए सत्ता की जूती का इस्तेमाल करते हुए उसे ऐसे केस में जेल की सजा सुनानी पड़ती है जहाँ चोर को चोर कहना उसके लिए भारी पड़ जाए। फिर उस शत्रु नेता का पद, राजनीति करने की जमीन और उसका क्वार्टर छीनना पड़ता है। यह जूती आगे चलकर इन शत्रु नेताओं को इतना विवश करती है कि जीना-मरना हराम हो जाता है।

# अंबाला में खुलेगी जिमनास्टिक-स्विमिंग रेजीडेंशनल अकादमी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

अंबाला छावनी में रिहायशी जिमनास्टिक एकेडमी के ट्रायल का आज शुभारंभ योगा फेडरेशन व स्विमिंग एसोसिएशन फेडरेशन के प्रधान राजिंद्र विज ने किया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी राम निवास सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार के कदम सराहनीय है। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के साथ साथ नौकरी भी दी जा रही है। अभिभावकों ने बताया कि वह यहां आकर काफी उत्साहित हैं, यहां पर सरकार द्वारा बच्चो के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं, उन्होने बताया कि सरकार ने खेलों के साथ साथ जो शिक्षा के लिए भी नीति बनायी है, उससे आने वाले समय मे और अधिक लाभ मिलेगा। जिमनास्टिक कोच संदीप



कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार अंबाला में रिहायशी जिमनास्टिक अकादमी खोलने जा रही है, जिससे बच्चे बेहतर खेल सकें तथा प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चो के रहने के लिए होस्टल की सुविधा है। 400रुपए प्रति बच्चा प्रतिदिन डाइट मनी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ करोड रुपए की लागत से यहां जिमनास्टिक का आधुनिक सामान लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने खेलो को बढ़ावा देने के लिए जो नीति बनायी है, वह सराहनीय है। रिहायशी अकादमी बनने से बच्चे नियमित तौर पर प्रैक्टिस कर सकेगा।

**8 रिहायशी खेल अकादमी में खेलों के साथ साथ शिक्षा के भी प्रबंध कराये जाएंगे, जिसके लिए हरियाणा सरकार के खिलाडी आभारी रहेंगे**

यही पर वह उसे खाना व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवायी जायेंगी। वहीं टायल देने आये खिलाड़ियों ने भी सरकार की इस नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे खेलो को और अधिक बढ़ावा मिलेगा और वह अधिक मेडल ला सकेंगे। उन्होने कहा कि रिहायशी खेल अकादमी में खेलों के साथ साथ शिक्षा के भी प्रबंध कराये जाएंगे, जिसके लिए हरियाणा सरकार के खिलाडी आभारी रहेंगे और यहां से खिलाडी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाकर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# यज्ञ से शुरू हुआ आर्य बाल भारती का नया शिक्षा का सत्र



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**आर्य बाल** भारती विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2023-24 के अवसर पर यज्ञ किया गया। मुख्य यजमान विद्यालय की प्राचार्य रेखा शर्मा रही। इस यज्ञ के ब्रह्मा विद्यालय के प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा रहे। कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं ने यज्ञ में पूणार्हुति दी। यज्ञ का शुभारंभ गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि आज से नया शिक्षा सत्र आरंभ हो गया है और छात्रों अध्यापकों अभिभावकों के सुझावों के अनुसार ही नए शिक्षा सत्र को चलाया जाएगा। विद्यालय के प्रबंधक आर्य राजेंद्र जागलान ने बताया कि बोर्ड रहित ग्यारहवीं तक की कक्षाओं का

**8 यज्ञ के ब्रह्मा विद्यालय के प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा रहे। कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं ने यज्ञ में पूणार्हुति दी**

परीक्षा परिणाम गत वर्षों से काफी अच्छा रहा है और उन्हें उम्मीद है कि 10वीं 12वीं का परिणाम भी आशाओं के अनुरूप ही रहेगा। मुख्य यजमान प्राचार्या रेखा शर्मा ने कहा कि वेद विश्व के आदिकालीन ग्रंथ हैं। वेदों में यज्ञ को वातावरण शुद्धि के लिए सर्वोपरि माना गया है यही कारण है कि विश्व के सभी आर्य शिक्षण संस्थाओं में नए सत्र की शुरूआत यज्ञ के साथ होती है। उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शास्त्री ने भी अपने विचार रखे।

## न्यूज फ्लैश

### ~~महिलाएं पोष आहार का रखें ध्यान : प्रवीन कुमारी~~



**पानीपत:** जी ,टी रोड स्थित आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा इंटर क्लास गतिविधि का आयोजन किया गया` गतिविधि का विषय यह गतिविधि में बीए प्रथम वर्ष अंग्रेजी ऑनर्स और बीए प्रथम वर्ष के 30 विद्यार्थियों ने हिसा लियोइस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अंदर शब्दावली में कुशलता प्रदान करना था`महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को रोचक एवम प्रभावी बनती है` महाविद्यालय में इस तरह की गतिविधियों में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए` विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलम दहिया ने गतिविधि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में शब्दावली के साथ-साथ कॉन्फिडेंस बढ़ता हैगतिविधि में दो राउंड खेले गए दूसरे राउंड में 6 बच्चों के बीच प्रतियोगिता थी प्रतियोगिता मे वर्षा बीए ऑनर्स प्रथम वर्ष से प्रथम, खुशबू बीए ऑनर्स से द्वितीय ,मनीष और सागर बीए फंक्शनल प्रथम वर्ष से तीसरे स्थान पर रहे`एक्टिविटी मेंटर प्रोफेसर मंजलि ने सभी विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### लैयया बिरादरी भगवान हनुमान के जन्मोत्सव में लेगी भाग: सलूजा



**पानीपत:** लैय्या बिरादरी आगामी 6 अप्रैल को मनाए जा रहे हनुमान जन्मोत्सव में बढ़ चढ़ कर भाग लेगी ये शब्द लैयाया बिरादरी के प्रधान गजेंद्र सलूजा ने मॉडल टाऊन स्तिथ दीपक सलूजा के आवास पर बिरादरी के मुख्य लोगो की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। गजेंद्र सलूजा ने बताया की स्वामी ज्ञानानंद महराज जी की प्रेरणा से नगर की सभी धार्मिक व समाजिक संस्थाएं हनुमान जन्मोत्सव में धूम धाम से भाग ले रही लैयाय बिरादरी भी उनसे प्रेरित हो कर समारोह में भाग लेगी। उन्होंने कहा की यात्रा भीम गौड़ा मन्दिर से चलकर ,सेठी चौक, अमर चौक, पचरंगा बाजार,इंसार बाजार होते हुए श्री देवी मंदिर पहुंचेगी।इस रास्ते में बिरादरी स्वागत द्वार लगाएगी तथा श्री देवी मंदिर प्रांगण में जल पान का स्टाल लगाए।गजेंद्र सलूजा ने सभी नगर वासियों से समरोह में भाग ले कर पुण्य के भागी बनने का आहवान किया। बैठक दीपक सलूजा, अनिल नंदवानी, परमवीर ढींगड़ा, सुरेश दुर्गा, विजय रेहानी, नारायण दत्त चावला,संत लाल अग्घी, नरेंद्र बरेजा, कालू बजाज, गोविंद, नितिन नागपाल,आदि मौजूद रहे।

### बब्याल में मनोज राणा पर हमला, छीनी नगदी व मोबाइल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** गांव बब्याल में एक युवक को पीटकर उससे 29 हजार कैश व मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गये। मंसदा वाली गली निवासी मनोज राणा ने बताया कि 30 मार्च की शाम वह हैप्पी से पैसे लेने के लिए दूध की डायरी पर गया था। वह हैप्पी से 29 हजार रुपए पेमेंट लेकर वापस घर की तरफ लौट रहा था। जब वह रात साढ़े 9 बजे अपने गांव के प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचा तो वहां अंबाला छावनी निवासी शुभम, गुल्लु व तरुण उर्फ होबो अपने साथियों के साथ डंडे-बिंडे के साथ उस पर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियो ने उसके गले मे परना डालकर दबा दिया और उस पर नुकीली चीजों से वार कर दिये। हमलावर उसकी पेंट की जेब से 29 हजार कैश और मोबाइल निकालकर भाग गए। लहुलुहान हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 379बी और 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बदमाशों ने गोलीबारी करके फैलाई दहशत

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

**बीती रात** रुप नगर तथा देवडू रोड़ पर स्थित हरिओम एवं विकास गुलिया के निवास पर अज्ञात बदमाशों ने गोलीबारी करके दहशत फैला दी। गेट पर निशाना साध कर दो राउंड गोलियां चलाई, परंतु गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। घटना की जानकारी लेने के लिए पीड़ित के घर पहुंचे राजीव जैन मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार को हरिओम तथा विकास गुलिया ने बताया कि रात लगभग



1.30 बजे के बीच गोलियां चलने की आवाज आई तो हम बाहर उठ कर भागे, इतने में बदमाश मोटर साइकिल पर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को हरिओम ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में दो युवक दिखाई दे रहे हैं और मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। देवडू रोड पर विकास गुलिया ने बताया कि रात को दो बजे के करीब हमारे घर पर भी कार में सवार बदमाशों ने गोली चलाई। गोली की आवाज सुनकर हमने अपने घर के सी0सी0टी0वी0 कैमरे चैक किए और पुलिस को सूचना दी। राजीव जैन ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई करवाई जायेगी।

# बसपा की बैठक आज तहसील कैंप में

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**बहुजन** समाज पार्टी के तत्वाधान में बहन कुमारी मायावती के निदेर्शानुसार सेक्टर 12 करनाल में 26 अप्रैल को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रदेश स्तरीय जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया है । जिसको लेकर 2 अप्रैल को को सुबह 10 बजे महर्षि वाल्मीकि मंदिर तहसील कैंप में बसपा की जिला स्तरीय मीटिंग रखी गई है। यह जानकारी देते हुए बसपा जिला अध्यक्ष पानीपत फूल कुमार नंबरदार ने जिला के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में तथा समय पर मीटिंग में पहुंचे।

# महिलाएं पोषण आहार का रखें ध्यान: प्रवीन कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

महिलाओं के ऊपर पूरे परिवार का खाना बनाने की जिम्मेदारी होती है। वह पोषण आहार का ध्यान रखें। यह बात महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी ने कही। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़े के तहत जिलाभर के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायकों के साथ क्षेत्र की महिलाओं को भी शामिल किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों का वजन व ऊंचाई जांची जा रही है



।इसी के साथ-साथ स्वास्थय चेकअप शिविर व पोषण आहार बारे गोष्ठी व पकवान प्रतियोगिता कराई जा रही है।

# लिटल एंजल्स स्कूल की हॉकी खिलाड़ी ने जीती पहली हॉकी महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**19 मार्च** 2023 से 26 मार्च 2023 तक झाँसी में आयोजित पहली हॉकी महिला नार्थ जॉन चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए लिटल एंजल्स की मनीषा, रितिका, रितिका मान, इशिका पहल, साक्षी, खुशी व भव्या ने अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के फाइनल मैच में पंजाब की टीम की 4-1 के गोल स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट गोल कीपर का अवार्ड ईशिका व ऑलराऊंडर का अवार्ड मनीषा को दिया गया । इस



प्रतियोगिता में लगभग 10 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# पैंशनर एसोसिएशन की बैठक 4 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

फेडरेशन आफ सिनियर सिटीजन पैंशनर एसोसिएशन की बैठक 4 अप्रैल मंगलवार को होगी। जिसकी अध्यक्षता प्रधान बलदेव राज आंनद करेंगे। जिसमें छह सूत्रि मांगो पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में एसबीआई बैंक के जनरल मैनेजर स्कीमों के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा सीएमए से आर्ती शर्मा इन्कम टैक्स से संबंधित जानकारी देंगी।

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि इस बैठक में समय पर पहुंचे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

# धन्ना भगत की जयंती को लेकर सुभाष बराला ने दिया निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**धन्ना भगत** की जयंती पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए हरियाणा सावर्जनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला ने ताऊ देवी लाल कॉलेज मनाना में ज़िले की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं को निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को हरियाणा सरकार भग्तिकाल के महान संत धन्ना भगत की जयंती कैथल ज़िले के धनोरी गांव में धूमधाम से मनाएगी जिसने मुख्यातिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश भर से बड़े बड़े नेता पहुंचेगे। सामाजिक संस्थाओं को निमंत्रण देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में सुभाष बराला ने यह बात कही।


इस अवसर पर लोकसभा सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद



कृष्ण लाल पंवार,विधायक महिपाल ढांडा,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। बराला ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार सर्व समाज के सभी महापुरुषों की जयंती प्रदेश स्तर पर मना रही है जिसके अंतर्गत धन्ना भगत की जयंती भी हरियाणा में पहली बार सरकार राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

जयंती समारोह के संयोजक सुभाष बराला ने सभी को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस समारोह में सभी ढोल धमाके के साथ पहुंच कर महापुरषों को नमन करने का काम करे। उन्होंने कहा कि संत व महापुरुष किसी एक जाति व समाज के नही बल्कि सर्वसमाज की धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि महापुरषों की शिक्षाए समाज में आपसी भाईचारा , समरसता व प्रेम सौहार्द लाने का कार्य करते हैं। इसलिए हमें महापुरुषों को याद करना चाहिए उनके जन्मपर पर्व मनाने चाहिए। इस अवसर पर मीडिया कॉर्डिनेटर रणदीप घनगस, भाजपा नेता संजय छौक्कर, जाट धर्मार्थ सभा के प्रधान सुभाष कुहाड,निगम पार्षद संजीव दहिया,रविन्द्र भाटिया आदि भी उपस्थित रहे।

# सत्यम स्कूल में हवन कर किया गया नए सत्र का शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

जलालपुर प्रथम गांव स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारम्भ हवन.यज्ञ आयोजित कर किया गया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ सदस्यों सहित बच्चों ने हवन में आहुति डालकर मंगल कामना की। स्कूल प्रबंधक सत्यवान शर्मा व निर्देशिका पूजा शर्मा ने हवन में आहुति डालते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने से पहले हमें परपिता परमात्मा का नाम अवश्य लेना चाहिए, क्योंकि भगवान का नाम लेकर शुरू किया गया कार्य कभी भी विफल नहीं होता है बल्कि लक्ष्य को प्राप्त करता है। प्रबंधक सत्यवान शर्मा व निर्देशिका पूजा शर्मा ने कहा कि सत्यम पब्लिक स्कूल क्षेत्र का पहला ऐसा स्कूल है जिसमें पहली कक्षा से बच्चों को मातृभाषा के साथ.-साथ सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत का भी ज्ञान कराया जाता है और सामाजिक व्यवहार के लिए नैतिक शिक्षा का भी अध्यन कराया जाता है ताकि बच्चों को भविष्य में शिक्षा के साथ.साथ समाजिक व नैतिक ज्ञान हो सकें। इस अवसर पर आरती शर्मा, प्रियंका, रेखा भाटिया, प्रिंयका सैन, पूजा रावल, स्वीटी, क्षमा, अनु भाटिया, मोनू रावल व सुमन रावल आदि मौजूद थे।

# गुलाम नबी ने राम मोहन राय की पुस्तक का किया विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**गांधी ग्लोबल फै**मिली तथा स्ट्रेडे फ्री स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली के इंडिया इसलामिक सेंटर के सभागार में आर्चिशमान राजू, जहान चौधरी तथा राम मोहन राय के संयुक्त संपादकत्व में प्रकाशित पुस्तक पीयूपल मेक हिस्ट्री का विमोचन गांधी ग्लोबल फैमिली के अध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद के द्वारा देशभर से आए सैंकड़ो सामाजिक एवं रचनात्मक संस्थाओं के कार्यक्रताओं तथा प्रबुद्ध व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। इस पुस्तक का आधार गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव राममोहन राय तथा उनकी पत्नी कृष्णा कांता की यूएसए की यात्रा है। जिसमें उन्होंने फिलिडेल्फिया में स्ट्रेडे फ्री स्कूल



द्वारा भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने और उसमे अमेरिकन, एफ्रो अमेरिकन, चीन, कोरिया, वियतनाम और दक्षिण देशों के अनेक युवा स्कॉलर्स के व्याख्यान संजोए गए थे। कार्यक्रम में आजाद के अतिरिक्त गांधी ग्लोबल फैमिली के उपाध्यक्ष पद्मश्री डॉ.एसपी वर्मा, महासचिव राममोहन राय तथा अशोक कपूर, पुस्तक के सह संपादक आर्चिशमान राजू, नंदिता चतुवेर्दी, अमृत दासगुप्ता, विजेंद्र कसाना, सी के राजू, वीणा, रमेश चंद शर्मा,सुरेश राठ, विजय लक्ष्मी पांडे तथा अनेक युवा गांधीवादी युवाओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# बेमौसमी बरसात से किसानों की कई एकड़ फसल खराब

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** खेतों में गेहूं की फसल पक कर तैयार है, कुछ स्थानों पर कटाई भी शुरू हो गई है, ऐसे में हर तीसरे दिन बदलता मौसम किसानों की नींद उड़ाए है। भारतीय मौसम विभाग चंडीगढ़ ने हरियाणा में 3 अप्रैल के लिए एक बार फिर से येलो अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक वृद्धि होगी। 2 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा, लेकिन रात को ही इसमें बदलाव शुरू हो जाएगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 3 अप्रैल को पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम तक बारिश दर्ज होगी। सोनीपत और पानीपत में कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी संभावना है। 4 अप्रैल को जीटी रोड बेल्ट के अंबाला, करनाल, कुरुक्षेत्र के साथ पंचकूला व यमुनानगर में तेज हवाएं चलने और गरज चमक के साथ बारिश या फिर बूंदाबांदी जारी रहेगी। अभी 31 मार्च को रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ की तरफ तेज बारिश के साथ जबरदस्त ओले गिरे हैं। किसान फसलों में नुकसान को देख दुखी हैं। हरियाणा में बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि ने सारे रिर्कार्ड तोड़ दिए हैं। मार्च में प्रदेश में औसतन 42 एमएम बारिश दर्ज की जा चुकी है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040


# केजरीवाल का पीएम की शिक्षा पर फिर सवाल

## 'नाले की गैस से चाय बन सकती है', कोई पढ़ा-लिखा शख्स नहीं करेगा ऐसी बातः मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

### पीएम पर निशाना

= क्या देश के प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे नहीं होने चाहिए? सीएम बोले, कोर्ट के आदेश के बाद अफवाहों का बाजार गर्म है








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बीते कुछ दिनों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिक्षा को लेकर उन पर सीधे-सीधे हमला कर रहे हैं। यह हमले तब से और तेज हो गए हैं जब से गुजरात की अदालत ने उन पर प्रधानमंत्री की डिग्री सार्वजनिक करने के लिए 25000 रुपये का फाइन लगाया है। इसी कड़ी में केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से पीएम से सवाल पूछे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा, क्या देश के प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे नहीं होने चाहिए? सीएम बोले, शुक्रवार को अहमदाबाद कोर्ट के आदेश के बाद अफवाहों का बाजार गर्म है, प्रधानमंत्री की डिग्री फर्जी है या फिर वह अहंकार में नहीं दिखाना चाहते। केजरीवाल ने आगे कहा कि पीएम ने नाले की गैस से चाय बनाने की बात की, बादलों के होने पर जहाजों के रडार में न आने की बात और गणित के फार्मूले से जुड़े कई बयान अतार्किक हैं।

### केजरीवाल निम्नता पर आ रहे और कोर्ट से फटकार भी खा रहेः सुधांशु

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि विषय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री का नहीं, विषय इनके भ्रष्टाचार का था, उसे छिपाने के लिए यह स्वांग रचा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पूरी तरह से विक्षिप्त हो गए हैं। पता नहीं क्या क्या-उल्टा सीधा बोलते जा रहे हैं। वे निम्नता पर आ रहे हैं और कोर्ट से फटकार भी खा रहे हैं। उन्होंने जिस तरह की भाषा, शैली और भाव भंगिमा का इस्तेमाल किया है वो निम्नतम स्तर की है। डॉ. त्रिवेदी ने शनिवार को भाजपा मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में कहा कि केजरीवाल के बड़बोलेपन से कुछ हासिल नहीं होने वाला। अब यह तथ्यों के साथ सामने आ रहा है कि केवल मनीष सिसोदिया ही नहीं आम आदमी पार्टी के अन्य लोग भी भ्रष्टाचार के जरिए शराब नीति को प्रभावित करने के जिम्मेदार थे। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल किया कि अब इनकी वो वैगन-आर नहीं दिखती, बंगला नहीं लूंगा लेकिन ले लिया, सुरक्षा नहीं लूंगा लेकिन ले ली... कोई एक बिंदु बता दीजिए जिन पर इन्होंने अपना स्टैंड कायम रखा हो। इसलिए हम इनको सबसे बड़ा स्वांग रचने वाला कहते हैं। हावड़ा में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर डॉ. त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा।

### दिल्ली से हज यात्रा 2023 के लिए आनलाईन ड्रॉ से 2540 लोगों का चयन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से हज यात्रा-2023 के लिए 2540 यात्रियों का आज आनलाइन ड्रॉ के माध्यम से चयन किया गया है। इसमें पुरुष हज यात्रियों की संख्या 1330 है जबकि महिला हज यात्रियों की संख्या 1210 है। चुने गए इन भाग्यशाली लोगों में बिना मेहरम के जाने वाली 51 महिलाएं भी शामिल हैं, चयन बिना ड्रॉ के किया गया है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 210 हज यात्रियों को अपने एक साथी के साथ हज यात्रा पर जाने के लिए बिना ड्रॉ के चुना गया है।

# बिजली मंत्री ने किया बीएसईएस कंट्रोल रूम का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में 24*7 बिजली सुनिश्चित करने की दिशा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के निर्देश पर शनिवार को बिजली मंत्री आतिशी ने बालाजी एंक्लेव स्थित बीएसईएस के इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन मॉनिटरिंग सिस्टम कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। बिजली मंत्री ने मॉनिटरिंग सिस्टम के सभी पहलुओं को समझा और पूरे सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ताकि कम से कम समय में पॉवर कट की किसी भी समस्या को पहचानते हुए उसे तुरंत दूर किया जा सके। इस मौके पर बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि,दिल्ली के लोगों को बिना किसी पॉवर कट 24७7 बिजली उपलब्ध करवाना केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्ध है। इस दिशा में 'जीरो पॉवर कट' के साथ हम इन गर्मियों बिजली की हर बढ़ी माँग को पूरा करेंगे। इस दिशा में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मियों में पीक डिमांड के दौरान लोगों को पॉवर कट की समस्या से न जूझना पड़े इसके लिए तत्काल बिजली वितरण प्रणाली के किसी भी समस्या जैसे तारों को बदलना, ट्रांसफॉर्मर में किसी प्रकार की मरम्मत सहित तमाम समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए।

# शख्स को पिस्तौल से केक काटना पड़ा महंगा, अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक वीडियो पर संज्ञान लेते हुए एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पकड़े जाने की जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर दी है। पुलिस ने बताया है कि आरोपित को 315 बोर की देसी पिस्तौल और 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान संगम विहार के अनिकेत के रूप में हुई है।
**आर्म्स एक्ट के तहत आरोपित गिरफ्तारः** दरअसल, आरोपित ने अपना जन्मदिन मनाने के बाद तमंचे से केक काटने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया था जो कि वायरल हो गया। जिसके बाद मामले को पुलिस ने संज्ञान में लिया और नारकोटिक्स स्क्वाड ने छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मामले में गिरफ्तारी की जानकारी दिल्ली पुलिस ने ट्वीटर पर वीडियो साझा करके दी। पुलिस के अनुसार, 30 मार्च को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो साझा करने के संबंध में पुलिस को सूचना मिली। वायरल वीडियो में एक अपराधी अवैध हथियार लेकर संगम विहार इलाके में केक काट रहा था। जिसके बाद नारकोटिक्स की टीम ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहे आरोपित की पहचान की और तत्काल संगम विहार में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अग्निकांडः घर की खिड़की-दरवाजों से निकल रहा था धुएं का गुबार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** शास्त्री पार्क में शुक्रवार सुबह तीन मंजिला इमारत के भूतल पर मच्छरों से बचने के लिए क्वाइल जलाना छह लोगों के लिए जानलेवा साबित हुआ। एक महिला ने बिस्तर के पास क्वाइल जलाई थी जिससे सुबह करीब आठ बजे गद्दे में आग लग गई। देखते ही देखते सभी कमरों में धुआं भर गया। इससे रोजे की सहरी के बाद सो रहे 11 लोगों का दम घुट गया। पुलिस ने अचेतावस्था में सभी को जगप्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने ढाई साल के बच्चे समेत छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, सौ गज के डी-54 मकान में अकबर रहता है। पहली मंजिल पर भाई हसमत का परिवार और दो



किरायेदार रहते हैं। दूसरी मंजिल पर दूसरा भाई असगर परिवार और चार कमरों में किरायेदार रहते हैं। तीसरी मंजिल पर असगर की जींस की फैक्टरी है और चार कमरों में किरायेदार रहते हैं। भाई अन्ना एक आपराधिक मामले में जेल में बंद है। अकबर ने बताया कि तड़के सभी लोग सहरी के बाद सो गए थे। अन्ना की पत्नी शुमाइला ने सुबह करीब छह बजे कमरे में क्वाइल जलाकर बिस्तर के पास रख ली और सो गई।
**अकबर ने भी बच्चों को बाहर निकालाः** कमरे में रोशनदान नहीं होने से आठ बजे धुएं से उसका दम घुटने लगा। नींद खुली तो देखा गद्दे में आग लगी थी। उसने तुरंत शोर मचाकर जानकारी जेठ अकबर को दी। शुमाइला अपने डेढ़ साल के बेटे को लेकर कमरे से बाहर निकल गई। अकबर ने भी बच्चों को बाहर निकाल दिया। उसने आग बुझाने की कोशिश में कमरे में पानी फेंका, लेकिन आग भड़क चुकी थी। धुआं ऊपरी मंजिल तक पहुंचा तो सो रहे लोगों का दम घुटने लगा। धीरे-धीरे आग की लपटें भी ऊपर की मंजिल तक पहुंच गईं। कुछ लोग धुआं देखकर जैसे तैसे बाहर निकल गए। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मकान में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। दरअसल, छोटे-छोटे कमरों में भरे दमघोंटू धुएं और अंधेरे के कारण लोग फंस गए।

### शास्त्री पार्क अग्निकांड

= देखते ही देखते सभी कमरों में धुआं भर गया। इससे रोजे की सहरी के बाद सो रहे 11 लोगों का दम घुट गया

### ड्यूटी जाने के लिए जाग रहे थे इसलिए बच गए

**मुतिउर** रहमान ड्यूटी पर जाने के लिए सुबह जग गए थे, इसलिए बच गए, लेकिन उनके साथ कमरे में सो रहे जहीदुल और फजलू चौधरी नहीं बच पाए। तीनों तीसरी मंजिल पर एक साल से कमरा किराए पर लेकर रह रहे थे। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊपरी मंजिल पर दर्जनभर लोग एक ही कमरे में रहते थे। अधिकतर लोग सुबह काम पर चले गए थे। रहमान पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से आकर यहां बैटरी रिक्शा चलाते हैं। उनके साथी भी कोई बैटरी रिक्शा तो कोई पैर से चलाने वाला रिक्शा चलाकर गुजारा करते हैं। रहमान ने बताया कि जब आग लगी तो सभी गहरी नींद में सो रहे थे।

# मर्सिडीज चालक पर एफआईआर, पुलिसकर्मी से किया था दुर्व्यवहार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस ने रेड लाइन सिंगल पर ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल राकेश को गाली देने और दुर्व्यवहार करने के आरोप में एक मर्सिडीज चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपित ने 25 मार्च को तुगलक रोड इलाके में छलांग लगाई थी। पीएस तुगलक रोड पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# 'कोविड मामलों के प्रति केजरीवाल सरकार गंभीर नही'

## स्वास्थ्य मंत्री कह रहे है अभी पैनिक की स्थिति नहीः चौ, अनिल कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कोरोना वायरस के बढ़ते मामले दिल्ली को एक बार फिर डराने लगे है। राजधानी में तेजी से कोविड बढ़ रहा है जिसके प्रति आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पूरी तरह बेपरवाह है, जबकि पिछले 15 दिनों में राजधानी में एक्टिव केसों की संख्या 9 गुणा अधिक हो गई है। कल तक संक्रमण दर 12.48 प्रतिशत है जबकि टेस्टिंग प्रक्रिया अभी 2-3 हजार की संख्या में ही हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने दिल्ली वालों से अपील करते हुए कहा कि सभी कोविड कहर से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें और मास्क पहनकर घर से बाहर निकलें। चौ0 अनिल



कुमार ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का बयान कि कि वर्तमान में जो कोविड वेरिएंट पाया गया है उसकी चपेट में पूरी तरह वैक्सीनेटेड लोग भी आ सकते है, इससे यह समझना जरुरी है कि नया कोविड वायरस कितना खतरनाक है। दूसरी तरफ दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज कहते है कि अभी पैनिक की स्थिति नही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के बयानों में विरोधाभास और लापरवाही कहीं दिल्ली को कोविड संक्रमण के खतरे में न डाल दें। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल सरकार दिल्ली में कोरोना को लेकर गंभीर नही है, दिल्लीवालों को खुद ही कोविड के प्रति गंभीरता दिखानी पड़ेगी। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय कि वर्तमान कोविड वेरियंट बीमारी के उछाल को बढ़ा सकता है क्योंकि टेस्ट किए गए 48 प्रतिशत सेंपल में कोविड खतरनाक वेरियंट पाया गया है।

यह जानकारी मुख्यमंत्री के संज्ञान में होने के बावजूद स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कोविड के खतरे से लड़ने के इंतजाम करने की बजाय यह कहना कि स्थिति गंभीर नही है पूरी तरह से दिल्ली सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

### आरोप

= राजधानी में तेजी से कोविड बढ़ रहा है जिसके प्रति आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार पूरी तरह बेपरवाह है

# 120 गवाह, सात आरोपी, अंजलि केस में 800 पन्नों की चार्जशीट दायर

### दाखिल

= जांच पूरी होने पर लगभग 800 पन्नों की चार्जशीट तैयार की गई है। इस मामले में लगभग 120 गवाहों का सहारा लिया गया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** कंझावला हिट एंड ड्रैग मामले में शनिवार को दिल्ली पुलिस सात आरोपितों के खिलाफ रोहिणी कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है। पुलिस ने मनोज, मिथुन, कृष्ण और अमित नाम के चार आरोपितों के खिलाफ हत्या करने और हत्या कर सबूत मिटाने, साजिश और अन्य धाराएं लगाईं हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान, सात आरोपी व्यक्तियों मनोज मित्तल, अमित खन्ना, कृष्ण कालू, मिथुन अर्जुन केडी, दीपक खन्ना, अंकुश खन्ना, आशुतोष भारद्वाज को गिरफ्तार किया गया। जांच पूरी होने पर लगभग 800 पन्नों की चार्जशीट तैयार की गई है। इस मामले में लगभग 120 गवाहों का सहारा लिया गया है। पिछली सुनवाई के दौरान मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने पांचों



आरोपितों की न्यायिक हिरासत बढ़ाते हुए दिल्ली पुलिस को मामले में चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया था, क्योंकि एक अप्रैल को इससे मामले को 90 दिन की अवधि पूरी हो रही है।
**जेल में हैं 5 आरोपितः** इस मामले में पुलिस ने आशुतोष भारद्वाज, अंकुश, दीपक खन्ना, अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल को दो जनवरी को गिरफ्तार किया था। दो आरोपितों आशुतोष भारद्वाज और अंकुश को रोहिणी कोर्ट की ओर से पहले ही जमानत दी जा चुकी है। इन पांचों आरोपितों को 28 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। ऐसे में मंगलवार को आरोपितों को कोर्ट में पेश कर इनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की जा सकती है। मामले में सुल्तानपुरी थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धारा जोड़ी थी। बाद में इसमें हत्या की धारा भी जोड़ दी गई थी। 31 दिसंबर 2022 और एक जनवरी 2023 की दरम्यानी रात का कंझावला-सुल्तानपुरी इलाके में अंजलि और उसकी दोस्त निधि को टक्कर मार दी थी। दोनों पूठ कलां गांव के एक होटल में पार्टी करके लौट रही थी।

# पुलिस से बचने के लिए छह साल के बेटे के साथ करता था हेरोइन सप्लाई, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** जिला नारकोटिक्स दस्ते ने छह साल के बेटे के साथ हेरोइन की सप्लाई करने आए एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से पुलिस ने सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी ने खुलासा किया कि पुलिस से बचने के लिए वह बेटे को लेकर हेरोइन की सप्लाई करने आया था। पुलिस ने बच्चे का मेडिकल करवाकर उसे मां के हवाले कर दिया है। पुलिस धंधे से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंगोलपुरी निवासी ऋषिपाल (31) के रूप में हुई है। बाहरी जिला नारकोटिक्स दस्ते को ऋषिपाल के हेरोइन तस्करी में लिप्त होने की जानकारी मिली। साथ ही पता चला कि वह उत्तम नगर और इसके आस पास के इलाके में हेरोइन की सप्लाई करता है। पुलिस टीम ने उसपर निगरानी बढ़ाई। 31 मार्च को ऋषिपाल के मंगोलपुरी फ्लाई ओवर के पास हेरोइन सप्लाई के लिए आने की जानकारी मिली।



# विज्ञान लैब, उपकरणों के लिए 60 लाख मंजूर

## जिलाधिकारी पुलकित खरे विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए लगातार रहते हैं प्रयासरत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**क्रिटिकल** गैप्स योजनान्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में विज्ञान लैब को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने लैब एवं उपकरणों के लिए लगभग 60 लाख रुपये की धनराशि दी है। सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को सुविधाओं से लैस बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के छात्र छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में नये अवसर प्राप्त होंगे। विज्ञान लैब में भूगोल, पर्यावरण, प्रकृति, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान आदि क्षेत्रों के प्रोजेक्टों का प्रदर्शन किया जायेगा। लैब में छात्र छात्राएं प्रैक्टिकल के माध्यम से नये



प्रयोगों को सीखेंगे। लैब आधुनिक यंत्रों से लैस रहेगा, जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा क्रिटिकल गैप्स फंड दिया गया है।श्री खरे ने लगातार जनपद में विद्यालयों के

**8 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सरूपा राया, पचेहरा नौहझील, कोटवन नन्दगांव में नये विज्ञान लैबों हेतु कक्षों का निर्माण किया जायेगा तथा उपकरण एवं साज सज्जा की व्यवस्था भी की जायेगी**

जीर्णोद्वार के लिए कार्य किया है, जिसमें स्कूल चलो अभियान को गति देते हुए अधिकाधिक पंजीकरण करवाये हैं। शासन की मंशानुसार जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूल गोद दिये गये हैं, जिनके निर्देशन में स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। स्वयंसेवी, संगठन एवं व्यापारियों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों में फर्नीचर, आरओ आदि की व्यवस्था भी की गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बनने वाली विज्ञान लैबों के सकुशल संचालन हेतु सभी विद्यालयों के दो दो शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिससे वे छात्र छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करेंगे तथा प्रेक्टिकल के माध्यम से बच्चों को लाभान्वित करेंगे। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सरूपा राया, पचेहरा नौहझील, कोटवन नन्दगांव में नये विज्ञान लैबों हेतु कक्षों का निर्माण किया जायेगा तथा उपकरण एवं साज सज्जा की व्यवस्था भी की जायेगी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रहीमपुर फरह, पैगांव रोड़ छाता, अकबरपुर चौमुहां में पूर्व में बने हुए विज्ञान लैबों के लिए उपकरण एवं साज सज्जा का कार्य किया जायेगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांट, पैगांव, नंदगांव, रहीमपुर, सरूपा, अकबरपुर की बाउण्ड्रीवाल की जीआई बारबेड (तार फेंसिंग) का कार्य किया जायेगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुडेसी में बनेगा विज्ञान लैब, लगेगी सोलर स्ट्रीट लाइट तथा बनेगी बाउण्ड्रीवाल की जीआई बारबेड फैंसिंग। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोवर्धन में लगेगी सोलर स्ट्रीट लाइट तथा होगा बाउण्ड्रीवाल की जीआई बारबेड फैंसिंग।

# सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर बाजारों में किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी मे नगर परिषद कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए काले झंडे ले रोष मार्च निकाला। इसके साथ ही कर्मचारी परिषद कार्यालय मे नियमित भुख हड़ताल पर भी बैठे।
नगर पालिका कर्मचारी संघ के आहवन पर की जा रही इस हड्ताल की अध्यक्षता करते हुए सेवाराम बोहत, वीरपाल ने कहा कि सरकार नगर निगमों, नगर परिषदों, नगर पालिकाओं के कर्मचारी की अनदेखी कर रही हैं। उन्होने कहा कि सरकार कर्मचारियों के हितो की अनदेखी कर रही है जिसके चलते आए



दिन कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होने कहा कि सरकार के साथ पहले भी कई बार समझौते हुए हैं। लेकिन इसके बावजुद भी सरकार ने कर्मचारियों की नीतियों की और ध्यान नहीं दिया।
अब कर्मचारी एक बार फिर से एकजुट हो आदोलन की राह पर हैं। व आज इसी आदोलन को आगे बढ़ाते हुए सड़को पर प्रदर्शन करने पर मजबुर हैं। उन्होने यह भी कहा कि कर्मचारियों को समान काम समान वेतन दिए जाए। अग्निशमन मे लगे 1327 कर्मचारियों को पदों पर मर्ज कर पक्का किया जाए।

# एसडी कॉलेज में मनाया 'जीरो वेस्ट डे'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
नगर परिषद अंबाला सदर से वरेजिडेंट सीनियर मोस्ट आडिटर, डॉक्टर जे. एस. सिद्धू, स्वच्छ भारत मिशन की कोआर्डिनेटर रितु शर्मा व एनयूएलएम से रवि के द्वारा इंटरनेशनल जीरो वेस्ट डे एसडी कॉलेज अंबाला कैंट में मनाया गया जिसमें सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं, आंगनवाड़ी वर्कर्स ,स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा इत्यादि में स्वच्छता में अच्छा कार्य करने वाले व अपने परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने वाले व कचरे का निवारण करने वालों को सम्मानित किया गया व रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एनएसएस की छात्राओं के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर नाटक की प्रस्तुति दी गई नगर परिषद अंबाला सदर के द्वारा स्वच्छता के ब्रांड अबेसडर को भी सम्मानित किया गया सभी को स्वच्छता की शपथ ली दिलाई गई। नगर परिषद अंबाला सदर की स्वच्छ भारत मिशन की टीम से कुणाल, रमन, तरुण व सुमित ने कार्य को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में लगभग 350 महिलाओं ने भाग लिया।

# आवारा कुत्ते पकड़ने के लिए परिषद व नगर ने जारी किए टेंडर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आवारा कुत्तों की भरमार व नागरिकों का कुत्तो के काटे जाने की घटनाओ पर नगर निगम व नगर परिषद ने नींद से जागते हुए आवारा कुत्तों पर पकड़ने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर अलाट होने के बाद आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू होने की उम्मीद है।
अंबाला में हालात इतने चिंताजनक है कि आए दिन दर्जनों लोग डाग बाइट का शिकार हो रहे हैं। सिविल अस्पताल अंबाला शहर व छावनी में रोजाना 40-50 से अधिक मरीज एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। मार्च माह की बात करें तो सिविल अस्पताल काफी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचे हैं।

# हैलीकाप्टर से घर पहुंचा कनिष्ठ वारंट अधिकारी अजीत

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**गांव** खेवड़ा निवासी वायु सेना में कार्यरत कनिष्ठ वारंट अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए अजीत सिंह कोच की सेवानिवृत्ति के बाद शनिवार को प्राईवेट हैलीकॉप्टर से घर पहुंचे। वे दिल्ली में पालम एयरपोर्ट से हैलीकाप्टर में बैठकर गांव के खेल स्टेडियम में उतरे। गांव के लोगों की हैलीकाप्टर को देखने के लिए भीड़ उमड़ी हुई थी। अजीत कोच ने इसे आनंददायी अनुभव बताते हुए कहा कि इसके जरिए उन्होंने अपनी बहन व भांजे के साथ हेलीकॉप्टर में बैठने के सपने को पूरा किया है। उन्होंने गांव में जाने के लिए दिल्ली से हेलीकॉप्टर बुक करवाया था। विदाई के बाद वह अपनी पत्नी बहन व भांजे चिन्टू, गांव के ही अपने साथी भाजपा नेता अशोक कौशिक, गांव के हरियाणा पुलिस में इंस्पैक्टर सुलतान सिंह के साथ हेलीकॉप्टर से अपने गांव पहुंचे। क्षेत्र में हैलीकाप्टर



में सेवानिवृत के बाद घर आना यह पहला किस्सा है जब कोई सेवानिवृत्ति के बाद हेलीकॉप्टर से घर पहुंचा हो। ग्रामीण इलाके में हेलीकॉप्टर आया देख भारी भीड़ जुट गई। अपनी हवाई यात्रा को आनंददायक बताते हुए अजीत कोच ने कहा कि बहन, भांजे व साथियों के साथ हवाई यात्रा का बहुत आनंद आया। भारतीय वायु सेना में अपने 33 वर्ष सफलता पूवर्क पूर्ण करने उपरांत कनिष्ठ वारंट अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए अजीत सिंह कोच की सेवानिवृत्ति समारोह में राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सेवानिवृत्त अजीत सिंह कोच को शाल उढाकर

**8 आनंददायी अनुभव बताते हुए कहा कि इसके जरिए उन्होंने अपनी बहन व भांजे के साथ हेलीकॉप्टर में बैठने के सपने को पूरा किया है**

सम्मानित किया। राई विधायक मोहन लाल बडौली ने कहा कि सेवानिवृत्ति का समय एक और जहां खुशी का होता है, वही भावुकता का भी होता है। इतने समय भारतीय सेना में अपनी सेवा देकर अपने घर आना भावुकता का समय होता है, लेकिन खुशी की बात यह है कि पूरी ईमानदारी व स्वस्थ रहकर विभाग को अपनी सेवा दी है। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष जखोली अरुण चौहान, मुरथल मंडल मुकेश बसोदी, वाइस चेयरमैन कुंडली अशोक भारद्वाज, महामंत्री मुरथल मंडल अशोक कौशिक खेवड़ा, त्रिलोक चंद शर्मा राजलू गढ़ी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तर पर पहुंचा कांग्रेस का आंदोलन, सौंपे ज्ञापन

## राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के मुद्दे पर आंदोलन कर रही है कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने और अडानी मुद्दे पर कांग्रेस का आंदोलन ब्लॉक स्तर पर पहुंच गया है। जनपद में राया, मांट, नौहझील, बलदेव, नंदगांव, चैमुहा फरह ब्लॉकों में तथा मथुरा, गोवर्धन मांट, छाता तहसीलों में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय आदि ने उप जिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपा। बलदेव ब्लॉक पर डॉक्टर दीपक आर्य, राजा गौतम, पंकज दीक्षित, देव दिक्षित, ब्लॉक



फरह पर चंद्रमोहन जायसवाल, ठाकुर साहब सिंह, ब्लॉक चौमुहां पर बृजेश शर्मा एडवोकेट, ठाकुर राजपाल सिंह, ब्लॉक नंदगांव पर डॉ प्रमोद शर्मा, सुनील जैन, अनुराधा वशिष्ठ के नेतृत्व में ज्ञापन दिए गए। गोवर्धन ब्लॉक खण्ड सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में गोवर्धन क्षेत्र के कांग्रेसियों द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के विरोध और राहुल गांधी द्वारा अडानी प्रकरण कर पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिलाये जाने के संबंध में भारत के राष्ट्रपति के नाम गोवर्धन एसडीएम कमलेश गोयल को कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया। शनिवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथों में झंडा बैनर लेकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए गोवर्धन ब्लॉक खण्ड परिसर में पहुंचे और एसडीएम गोवर्धन को ज्ञापन सौंपा।
कार्यकताओं ने कहा कि गौतम अडानी के व्यापार में विदेशों से आया बीस हजार करोड़ रूपया किसका है देश इसका जवाब चाहता है।

# ज्ञापनों पर संज्ञान नहीं ले रहे अधिकारी : राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय गढ़सौली पर आयोजित हुई। जिसमें मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने मंडल के चारों जिलाध्यक्ष को निर्देश दिए कि अब तक किसानों की मांगों को लेकर पूर्व में दिए गए ज्ञापनों की सुनवाई न होने के कारण आगामी 11 मई को मंडल के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। सभी जिला अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला मुख्यालयों के घेराव में हर जिले पर कम से कम पांच पांच हजार



किसानों के साथ कूच किया जाएगा। जब तक मांगें पूरी नही होंगी जिला मुख्यालयों पर ही डटे रहना है। इस बार लड़ाई आरपार की होगी। समीक्षा बैठक के बाद मंडल के चारों जिलों में जोर शोर से सदस्यता अभियान चलाया जाए और अधिक से अधिक किसानों को यूनियन में जोड़ने का कार्य किया जाए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं



**मथुरा:** सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना। सदर तहसील सभागार में जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई करके निस्तारण की कार्यवाही को अंजाम दिया। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने के पश्चात गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने तथा क्षेत्रीय जन समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे निर्देश दिये। समाधान दिवस में प्रार्थी विपिन कुमार शर्मा निवासी औरंगाबाद बिरासत दर्ज कराने तथा प्रार्थी हरिओम सिंह पुत्र गिरवर सिंह निवासी रंगौली कॉलौनी सिकन्दरा ने फसल को जबरन काटने की शिकायत की जिनको मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मौके पर ही निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत दी गई। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस, तहसील दिवस तथा अन्य किसी माध्यम प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तपूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतें किसी भी दशा में डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आनी चाहिए।

# चाकू की नोक पर सीमेंट कारोबारी को लूटा, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
ऑटो सवार बदमाशों ने एक सीमेंट कारोबारी को चाकू दिखाकर उससे नकदी व अन्य सामान लूट लिया। थाना अंबाला छावनी पुलिस ने इस सबंध में स्वर्ण सिंह निवासी गांव धीन, मुलाना की शिकायत पर अज्ञात आरोपियो पर केस दर्ज किया है। शिकायत में स्वर्ण सिंह ने बताया है कि उसकी धीन बस अड्डे पर सीमेंट की दुकान है। 27 मार्च को वह अपने ससुराल लालरू गया था,

**8 इस सबंध में स्वर्ण सिंह निवासी गांव धीन, मुलाना की शिकायत पर अज्ञात आरोपियो पर केस दर्ज किया है**

उसी रात करीब सवा 10 बजे उसने बलदेव नगर चौक से कैंट के लिए ऑटो लिया। ऑटो में पहले से ही चार लोग सवार थे। वह ऑटो में अंबाला कैंट उतर गया, जब उसे कोई बस नहीं मिली तो वही आटो चालक उसके पास आया और कहा कि वह उसे धीन उतार देंगे, इसके बाद स्वर्ण सिंह इस ऑटो में सवार हो गया। ऑटो चालक ने अंबाला जगाधरी मार्ग पर ऑटो रोक लिया और उसके साथियों ने उसे पकड़ लिया। इस दौरान उन युवको ने स्वर्ण सिंह की गर्दन पर चाकू रख दिया और उसकी जेब से 5500 रूपय कैश, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाईल, चांदी का कडा लूट लिया और आटो लेकर फरार हो गये। ऑटो चालक की बायीं बाजू के ऊपर सोनू शूरमा से लिखा हुआ था।

# रतिराम मेमोरियल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र पर हुआ हवन यज्ञ

## स्कूल के निदेशक रविंदर धनखड़ व प्रधानाचार्य रतन बाला व गांव की सरपंच सपना रानी ने हवन में आहुति डाली

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**रतिराम** मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुबडू में नव वर्ष के नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर हवन यज्ञ करवाया गया । जिसमें स्कूल के निदेशक रविंदर धनखड़ व प्रधानाचार्य रतन बाला व गांव की सरपंच सपना रानी ने हवन में आहुति डाली । स्कूल की प्रधानाचार्य रतन बाला ने हवन यज्ञ के बाद छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की बधाई देते हुए उनके उझ्ज्वल भविष्य की कामना की । रतन बाला ने



छात्रों को मोबाइल से दूर रहकर खेलो में बढ़-चढ़कर भाग लेने का मार्गदर्शन दिया । उन्होंने कहा कि छात्र के जीवन में जितना शिक्षा का महत्व उतना ही खेलों का भी है, इसलिए शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को खेलों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए । खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है । उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलों की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाता है इसी का परिणाम है कि स्कूल के छात्र शिक्षा के साथ विभिन्न खेलों में पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं । यह विद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है । कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भी आहुति डाली और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।

# चैत्र पूर्णिमा मेला को लेकर बुखरारी के ग्रामीण दो फाड

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर गांव बुखरारी में लगने वाले मेला को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए हैं। शनिवार को छाता तहसील के प्रांगण में बुखरारी गांव के ग्रामीण पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। एसडीएम छाता के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और प्रशासन को चेतावनी देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि अगर गांव में पांच अप्रैल को दंगल मेला लगा तो वहां कुछ अनहोनी हो सकती है। सरजू दास सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण राज सिंह के मुताबिक उन्होंने अपनी समिति के लेटर पैड पर एसडीएम छाता को बुखरारी गांव में होने वाले दंगल मेला और नौटंकी का छह अप्रैल को होने वाले आयोजन के



लिए अनुमति मांगी थी। एसडीएम छाता द्वारा परमिशन भी दे दी गई लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति दर्ज करा दी। इसके बाद अनुमति निरस्त कर दी गई और इसके बाद पांच अप्रैल की अनुमति ले ली गई।यह बिल्कुल गलत है उनके समर्थन में आए ग्रामीणों ने कहा कि प्रतिवर्ष कोसीकला थाना के अंतर्गत आने वाले गांव बुखरारी में परंपरा के अनुसार हनुमान जयंती चैत पूर्णिमा को मेला व दंगल का आयोजन किया जाता है परंतु अब गांव में इस पर राजनीति शुरू हो गई है। गांव में तनाव जैसी स्थिति पैदा हो गई है और गांव में कभी भी कोई घटना घटित हो सकती है।

**8 अब गांव में इस पर राजनीति शुरू हो गई है। गांव में तनाव जैसी स्थिति पैदा हो गई है**

एसडीएम छाता को दोनों पार्टियों की परमिशन को निरस्त किया जाना चाहिए या फिर प्रशासन द्वारा कोई उचित फैसला किया जाना चाहिए। इस दौरान बनवारी, संजय, शेरपाल, जगदीश, रतन सिंह, सतीश, रामपाल, कन्हैया, राजवीर, मुकेश, राज किशोर, जोगिंदर, मान सिंह, भगवान सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**8 सत्र के पहले दिन स्कूलों में दाखिला लेने पहुंचे बच्चों का अध्यापकों ने फूलमालाओं और मिठाइयों से स्वागत किया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के निर्देश पर जिले के सभी 768 सरकारी स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव मनाया गया। अधिकतर स्कूलों में हवन यज्ञ के साथ किया गया नए सत्र का शुभारम्भ हुआ। सत्र के पहले दिन स्कूलों में दाखिला लेने पहुंचे



बच्चों का अध्यापकों ने फूलमालाओं और मिठाइयों से स्वागत किया तथा बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर दिया उन्हें सुंदर भविष्य का आशीर्वाद दिया। पिछले वर्षों की लेट लतीफी की परंपरा को तोड़ बच्चों के स्कूल में दाखिला लेते ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी बांटी। उन्होनें बताया कि 15 अप्रैल तक चलेगा प्रवेश उत्सव, प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों की ओर आकर्षित करने की कवायद है।

# वजीरपुर में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में रामनवमी पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के नेतृत्व में निकाली गई।

वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा में सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने आगे बताया कि इस शोभा यात्रा का जगह-जगह विभिन्न समुदाय के लोगों ने भव्य रूप में स्वागत किया। उन्होंने आगे बताया

### निकाली गई विशाल शोभा यात्रा...

**= सभी को इस प्रकार की शोभा यात्रा निकालनी चाहिए। इससे धार्मिकता का संचार होता है। इसलिए सभी को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए: एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी**

कि सभी को प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए और हमेशा ही गरीबों व वंचितों की मदद करनी चाहिए। जिससे की सभी को बेहतर सुविधाएं मिल सके। इस मौके पर पार्षद चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि सभी को इस प्रकार की शोभा यात्रा निकालनी चाहिए। इससे धार्मिकता का संचार होता है। इसलिए सभी को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। भगवान श्रीराम सभी की सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।



जिला आदर्श नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता। साथ में है पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, जिला अध्यक्ष मनोज यादव व अन्य।

## भाजपा की नीतियों व कार्यों से प्रभावित हैं लोग: देवेन्द्र रिड़ला




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के भाजपा नेता देवेन्द्र रिडला ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के कल्याण के लिए कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल भाजपा को ही जाता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र रिडला ने आगे कहा कि देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लागू की कई योजनाओं से काफी ज्यादा खुश है। आज योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है और पीएम मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है।



मासिक सुंदरकांड पाठ के आयोजन के दौरान त्रीनगर की निगम पार्षद मीनू गोयल व अन्य।

## जनता आप व भाजपा के कार्यों से नहीं हैं खुश: बद्रूदीन खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** पार्टी का इतिहास बहुत पुराना है, यही कारण है सभी वर्ग के लोग कांग्रेस की नीतियों से खुश है। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कही। बद्रूदीन खान ने आगे कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह सब कांग्रेस पार्टी की देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। जनता आप व भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भी दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, क्योंकि आज भी कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

# अशोक विहार में रामनवमी पर भंडारे का आयोजन

## प्रभु श्रीराम सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें: हरिशंकर गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राम** नवमी के अवसर पर अशोक विहार की संस्था एरिया के द्वारा प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी विपिन आहूजा, राजू नारंग, नंद केशवानी, देवेन्द्र कुमार के सानिध्य में प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरीशंकर गुप्ता, राम किशन, गिरीश जैन, चन्द्रेश वर्मा और अनिल कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि प्रभु



श्रीराम सभी की सुनते है, बस जरूरत है प्रभु की सच्चे मन से आराधना करने की। उन्होंने कहा कि मैं प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। उन्होंने

### पूर्व विधायक ने कहा...

**= जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे: गुप्ता**

कहा कि सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## अमूल ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर का किया इजाफा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए** वित्त वर्ष की शुरूआत के साथ ही आम आदमी को झटका लगा है। अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों की बिक्री करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ ने राज्य में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। नई दरें एक अप्रैल से लागू हो गई है। जीसीएमएमएफ सूत्रों ने शनिवार को दी जानकारी में बताया कि सौराष्ट्र, अहमदाबाद और गांधीनगर समेत पूरे राज्य में अमूल दूध की कीमतें आज से बढ़ गई है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक अमूल गोल्ड 500 मिली लीटर वाला पैक 32 रुपये में मिलेगा।



रानीबाग में रामनवमी पर श्रीकृष्ण गौ सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा में अनुज सिंह व उनकी टीम पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल का स्वागत करते हुए। साथ में है रमेश जोनवाल व अन्य।

## शुद्ध हवा के लिए सभी को करना चाहिए पौधारोपण: प्रधान



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
जहांगीरपुरी के समाजसेवी ननवा राम प्रधान ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। ननवा राम प्रधान ने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े।




आप नेता सुरेश शर्मा कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वैश्विक** संदर्भ में हिन्दू समाज के प्रति विभिन्न स्थापित संस्थानों द्वारा फैलाए जा रहे नफरत को समझने के लिए कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विषय को स्पष्ट करते हुए वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका के जय बंसल ने बताया की पश्चिम में आज हिंदू समाज के संस्कृति पर व्यापक आक्रमण किया जा रहा है। जिसे समय रहते समझ कर उसे रोकने की जरूरत है। विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने हिंदू समाज को अपनी वैश्विक पहचान को




अपने संस्कृति के साथ जोड़ने की बात कही। साथ हीं उन्होंने हिंदू संगठनों द्वारा हिन्दुओं को संगठित करने की भी बात की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्युत चक्रवर्ती ने भारत की पहचान इसके वेद और उपनिषदों के साथ है। जिसने वसुदैव कुटम्बक की परिभाषा भारत को दी है। उन्होंने समय के साथ हिंदू समाज को बदलाव को स्वीकार करते हुए भविष्य की तैयारी करने की जरूरत है। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती हिंदू

### कॉन्फ्रेंस का आयोजन...

**= कार्यक्रम का आयोजन वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका, उत्तमजन फैमिली ट्रस्ट और काशी फाऊंडेशन ने किया।**

धर्म की विशेषता पर ध्यान आकृष्ट करते हुए इस विश्व समाज के लिए सबसे बड़ा देन है। कार्यक्रम के अगले सत्र में प्रो अजनिवेश अवस्थी ने मुस्लिम इतिहासकारों द्वारा हिन्दुओं के बारे में लिखे गए कई नए तथ्यों पर ध्यान दिलाया। जिसमें हिंदू समाज के प्रति कई नृकिष्ठ शब्दों का प्रयोग किया गया है। प्रो हिमांशु राय ने हिंदुओं के प्रति नफरत के जड़ के कारण पर प्रकाश डाला। हेगल और एशियाटिक सोसाइटी द्वारा भारत के इतिहास के विध्वंश की जो कहानी लिखी गई, उसे बाद के सेकुलर इतिहासकारों ने समाज के सामने नए कलेवर में पेश कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका, उत्तमजन फैमिली ट्रस्ट और काशी फाऊंडेशन ने किया। दिनभर के इस अकादमिक कार्यक्रम में बौद्धिक जगत के छात्र, शोधार्थी और वरिष्ठ जन सहभागी थे। कार्यक्रम के समापन में राज कुमार भाटिया और महेश चंद्र शर्मा ने सकारात्मक भावना के साथ आगे बढने की बात कही।

## गरीबों व वचिंतों की सभी को करनी चाहिए मदद: साहिल



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
बादली विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी साहिल वासन ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और गरीब व वंचितों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीबों का भी कल्याण हो सके। गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य के भागीदार बने और गरीबों की मदद करें। उन्होंने बताया कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य ही राह पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की डगर कठिन अवश्य ही होती है, लेकिन जो व्यक्ति इस राह पर चलता ही रहता है, वह एक दिन कामयाब होता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दे और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# मेहरा ने आइकॉन्स ऑफ मानव रचना का अनावरण किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
 राकेश ओमप्रकाश मेहरा, भारतीय फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक की विनम्र उपस्थिति में उत्कृष्ट- "'आइकॉन्स ऑफ मानव रचना 2023" का अनावरण किया गया। यह पुस्तक मानव रचना अलुम्नाई की 26 परिवर्तनकारी कहानियों का वर्णन करती है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में पुस्तक का अनावरण डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, मानव रचना एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (रूक्रश्वढ्ढ); डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, एमआरईआई; और मानव रचना के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, छात्र, शिक्षक और सम्मानित पूर्व छात्रों के परिवार की उपस्थिति में किया। पुस्तक विमोचन का क्षण जोश से भरा हुआ था। उत्साह की कभी न खत्म होने वाली लहरों के साथ, ऑडिटोरियम अनावरण के दौरान



तालियों से गूंज उठा। पुस्तक मानव रचना अलुम्नाई के असाधारण प्रदर्शन और उत्कृष्ट प्रतिभाओं का जश्न मनाती है जिन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति की है। यह विभिन्न श्रेणियों- कला और ग्लैमर, उद्यमिता, सरकार और प्रशासन, उद्योग बैरन और खेल में अलुम्नाई की कहानियों को प्रसारित करने का भी प्रयास करती है। समारोह के दौरान मानव रचना और उनके योद्धा दस्ते के गौरवान्वित पूर्व छात्र श्री राहुल यादव द्वारा एक शानदार कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया। गौर करने की बात है कि मानव रचना अलुम्नाई द्वारा शुरू किया गया वॉरियर स्क्वॉड इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 9 की प्रसिद्धि रही है और अमेरिकाज गॉट टैलेंट सीजन 18 में परफॉर्म करने के लिए पूरी तरह तैयार है। डॉ. प्रशांत भल्ला ने साझा किया कि कैसे मानव रचना के अलुम्नाई अपने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, "पिछले 26 वर्षों में, मानव रचना ने अपने छात्रों में प्रमुख मूल्यों और उद्योग से संबंधित कौशल विकसित करना कभी बंद नहीं किया। अपने अलुम्नाई को मानव रचना के ध्वजवाहक के रूप में देखते हुए, मैं इस बात पर गर्व किए बिना नहीं रह सकता कि आपने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कितनी लगन से काम किया है।" डॉ. गौरी भसीन ने

**8 पुस्तक मानव रचना अलुम्नाई के असाधारण प्रदर्शन और उत्कृष्ट प्रतिभाओं का जश्न मनाती है**

साझा किया, "उत्कृष्ट के माध्यम से, हम अपने अलुम्नाई की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से न केवल समुदाय को महान लाभांश दिया है, बल्कि दुनिया भर में मानव रचना की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाया है। यह पुस्तक कला, खेल, ग्लैमर, सरकारी सेवाओं, सामुदायिक सेवा और उद्योग की विधा में उनके धैर्य, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और विजय की सफलता की कहानियों का वर्णन करती है। यह एक गर्व का क्षण है जब हमें अपने पूर्व छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करने का मौका मिलता है।

# पर्ची और खर्ची का सिस्टम हुआ बंद: कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
 प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को बागपुर गांव के कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कार्य हुए हैं और चले हुए हैं। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिलती है। भाजपा राज में पढ़ाई करने वाले बच्चे सरकारी नौकरी हासिल कर रहे हैं। वहीं हरियाणा में पर्ची और खर्ची का सिस्टम बंद हुआ है। उन्होंने कहा की हरियाणा के परिवहन विभाग में अब बसों



की कोई कमी नहीं है। जिन भी रूट पर बसे नहीं है वहां पर बसे चलाई जाएगी।
 इसके अलावा हरियाणा में जल्द ही 375 इलेक्ट्रिक बसों को भी परिवहन बेड़ा में शामिल किया जाएगा। कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पलवल के विधायक दीपक मंगला, पृथला के विधायक नयनपाल रावत के भाई यशपाल रावत, पलवल के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया,मनोहर लाल शर्मा, सीताराम शर्मा,पूर्व सरपंच पूरन, किशन ठाकुर, बिरपाल दीक्षित, राजकुमार एडवोकेट सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्ति का समय एक और जहां खुशी का होता है, वही भावुकता का भी होता है : विधायक



**सोनीपत:** भारतीय वायु सेना में अपने 33 वर्ष सफलता पूवर्क पूर्ण करने उपरांत कनिष्ठ्द वारंट अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए अजीत सिंह कोच की सेवानिवृत्ति समारोह में राई विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सेवानिवृत्त अजीत सिंह कोच को शाल उढाकर सम्मानित किया। राई विधायक मोहन लाल बडौली ने कहा कि सेवानिवृत्ति का समय एक और जहां खुशी का होता है, वही भावुकता का भी होता है। इतने समय भारतीय सेना में अपनी सेवा देकर अपने घर आना भावुकता का समय होता है, लेकिन खुशी की बात यह है कि पूरी ईमानदारी व स्वस्थ रहकर विभाग को अपनी सेवा दी है। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष जखोली अरुण चौहान, मुरथल मंडल मुकेश बसोदी, वाइस चेयरमैन कुंडली अशोक भारद्वाज, महामंत्री मुरथल मंडल अशोक कौशिक खेवड़ा, त्रिलोक चंद शर्मा राजलू गढ़ी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### संतों-महापुरुषों की जयंतियां मनाने की श्रंखला में राजकीय स्तर पर मनायेंगे धन्ना भगत की जयंती



**सोनीपत:** हरियाणा सरकार के तत्वावधान में सर्वसमाज के संतों-महापुरुषों की जयंतियां मनाने की श्रंखला में धन्ना भगत की जयंती राजकीय स्तर पर 23 अप्रैल को कैथल जिला के धनौरी गांव में धूमधाम से मनाई जाएगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल हिस्सा लेंगे। सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने यह जानकारी देते हुए लोगों को जयंती समारोह में बढ़-चढकर हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण दिया।
धन्ना भगत की जयंती के प्रदेश स्तरीय समारोह के सफल आयोजन की तैयारियों के दृष्टिद्गत शनिवार को छोटूराम धर्मशाला में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन सुभाष बराला कर रहे थे। उन्होंने बताया कि धन्ना भगत की जयंती पहली बार सरकारी स्तर पर मनाई जाएगी, जिसके लिए धनौरी में 21 से 23 अप्रैल तक तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पहले दो दिन स्थानीय लोगों द्वारा समारोह आयोजित किया जाएगा, जबकि अंतिम दिन राजकीय तौर पर प्रदेश स्तरीय आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के कोने-कोने से लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। भाजपा सरकार के तत्वावधान एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पहली बार प्रदेश में संतों-महात्माओं की जयंतियां सरकारी स्तर पर मनाई जा रही हैं, ताकि आने वाली पीढि?ों को उनसे परिचित होने का अवसर मिले। इस प्रकार सर्वसमाज को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है। यही वह संस्कृति है जो पूरी दुनिया को दिशा देती आई है। चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि विकसित देशों में परस्पर सहयोग की बातें की जाती है कि जबकि हमारी तो संस्कृति ही यही है। वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे सुखिन: भवंतु की हमारी संस्कृति एकजुटता के साथ सबको साथ लेकर आगे बढने की प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश-प्रदेश आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व में भारत को अलग पहचान दिलाई है।

# कांग्रेस अब शुरू करेगी जय भारत जन सत्याग्रह अभियान : सुरेश गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भारत जोड़ो यात्रा के बाद हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दो माह के सफल संयोजन के बाद अब कांग्रेस जय भारत जन सत्याग्रह शुरू करेगी। यह अभियान 20 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत कांग्रेस के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मतदाताओं के द्वार पर दस्तक देंगे। इस अभियान के माध्यम से देश और प्रदेश में भाजपा सरकार के जन विरोधी कार्यों की पोल खोलेंगे। अभियान को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कार्यकताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि भाजपा अब राजनीतिक प्रतिशोध ले रही है।



सरकार देश के शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता निरस्त करना संविधान विरोधी निर्णय है। भाजपा सरकार अब संवैधानिक संस्थानों की प्रतिष्ठा को आहत कर रही है। सुरेश गुप्ता ने कहा कि देश में बदलाव आ रहा है। आने वाले दिन कांग्रेस के हैं। केवल कांग्रेस ही देश को मंहगाई से मुक्ति दिला सकती हैं। कांग्रेस अब लोगों के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

## बरसात से निकासी की समस्या से नवादा रोड सडक से ग्रामीण परेशान

**पानीपत:** बरसात से सनौली से नवादा जाने वाली दस गांवों के मैन सडक पर पानी भरने पर बने गडडो में चलना बंद हो गया है। वही दर्जनों गांवों में बरसात का पानी भरने से पानी निकासी का समस्यां खडी हो गई है। खंड कार्यालय सनौली खुर्द ब्लॉक के कई गांवों में मानसुन की बरसात से लोगो को अचानक गर्मी से राहत मिली हैं वही बारिस के पानी से निकासी समस्यां से गलियों में घरो के आगे गंदा पानी भरा खड़ा होने से ग्रामीण परेशान हो गए हैं। बरसात से कई गांवों की गलियों में पानी भरने से ग्रामीणों को चलना भी मुश्किल हो गया हैं।

# स्कूल ड्रेस के लिए टोकने पर छात्रों ने पीटीआई को पीटा




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** सीकरी स्थित एक निजी स्कूल में विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस में आने के लिए कहना पीटीआई अध्यापक को मंहगा पड़ गया। छात्र इस बात पर इतना बिफर गए कि अपने अध्यापक को ही पीट दिया। शिक्षक ने बुधवार को 9वीं के छात्र को ड्रेस में नहीं आने पर डांट दिया था। शुक्रवार को छात्र ने दोस्तों को बुलाकर अध्यापक को रास्ते में रोका और लोहे की रॉड व डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया। पीड़ित के शरीर में गंभीर चोट आई है। सड़क से गुजर रहे लोगों ने अध्यापक को किसी तरह आरोपियों से छुड़वाया और अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने तीन नामजद सहित करीब सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव झाड़सेंतली निवासी चंद्रपाल डागर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वे गांव सीकरी स्थित शिवा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पीटीआई हैं। तीन दिन पहले उन्होंने स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र को स्कूल ड्रेस में नहीं आने पर डांट दिया था। इससे छात्र नाराज हो गया था। शुक्रवार सुबह वे बाइक से स्कूल जा रहे थे। रास्ते में एक कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाइ कार के अंदर से कुछ युवक हाथ में लोहे की रॉड व डंडे लेकर बाहर आए और हमला कर दिया। कुछ छात्रों को अध्यापक ने पहचान लिया। इनमें विनीत, रवि और कर्मवीर के साथ कुछ और युवक शामिल थे। चंद्रपाल खुद को बचाने के लिए एक दुकान में घुस गए। आरोपियों ने उन्हें दुकान से बाहर खींचकर पीटना शुरू कर दिया। आरोपी इतनी गुस्से में थे कि अध्यापक को बेहोश होने तक पीटते रहे। आसपास के दुकानदारों के बीचबचाव कराने पर भी आरोपी नहीं माने और अध्यापक को मरा समझकर भाग गए। जाते समय आरोपी अध्यापक की जेब से 1800 रुपये व हाथ की घड़ी ले गए। अधमरी हालत में चंद्रपाल के गांव निवासी ऑटो चालक महेश उन्हें ऑटो में डालकर सरकारी अस्पताल लेकर गया।

# सड़क हादसा से बचने के उपाय पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)**
 सेक्टर 25 स्थित विक्टोरा इंडस्ट्रीज हरियाणा ट्रैफिक पुलिस व लाइफ फर्स्ट फाउंडेशन संयुक्त रूप से रोड सेफ्टी और एक्सीडेंट होने पर प्राथमिक उपचार से जिंदगी बचाने के उदेश्य से चर्चा का आयोजन किया गया. विक्टोरा इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर एस एस बांगा जी ने बताया की सेफ्टी चाहे कंपनी के अंदर काम करते समय हो या रोड पर चलते हुए, हमेशा जागरूक होना चाहिए क्योकि जान है तो जहान है. सेफ्टी विषय पर कंपनी के अंदर हमेशा लोगो को ट्रेनिंग के साथ साथ ऐसे चर्चा के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास जारी रहता है. इस चर्चा



में बतौर एक्सपर्ट अमृता हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ अनुराग ने विक्टोरा के सभी कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार के बारे में बताया जिससे जिंदगी बचाई जा सके. डॉ अनुराग ने बताया की सड़क दुर्घटना में हेड इंजरी मौत का सबसे बड़ा कारण होता है, इसमे सबसे ज्यादा मौत समय से हॉस्पिटल नहीं पहुंचना रहता है. लाइफ फर्स्ट फाउंडेशन की चेयरमैन बी इस विर्दी ने लोगों को ट्रैफिक सेफ्टी रूल्स समझाए. उन्होंने समझाया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर जान बचाई जा सकती है. शैरी सक्सेना ने बताया की वाहन चालक अपने जीवन से प्यार करें और साथ ही सेफ ड्राइविंग करने के लिए अपील किया. ट्रैफिक पुलिस के अधिकारीयों ने बताया की आम जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करते हुए अपने वाहन चलाएं, घर में बच्चो को कोई भी वाहन चलाने से रोके और स्पीड लिमिट का हमेशा ध्यान रखे क्योंकि ओवर स्पीड से दुर्घटना की सम्भावना अधिक रहती है. इस मौके पर कंपनी के धर्मेंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, अनन्या शर्मा, अंकिता शर्मा, वासु दत्त, तृप्ति, यसमून, लवली आदि के साथ सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## बेटियों को स्वावलंबी और सशक्त बना रही 'आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की बेटियों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने के लिए 'आपकी बेटी-हमारी बेटीइ योजना क्रियान्वित की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त ने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना लिंगानुपात में सुधार एवं बालिकाओं की शिक्षा के उचित अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से भी आरंभ की गई है।

# क्षेत्र में बेहतर शिक्षा और संस्कार प्रोवाइड कर रहा है, विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल: मुक्ता

**8 बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ नीति को आगे बढ़ाते हुए छात्राओं के लिए जो निशुल्क दाखिला रखा हुआ है उसकी जितनी प्रसंशा की जाएं कम है**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।**
 मुक्ता अग्रवाल, निदेशक शिक्षा विभाग, भारत सरकार ने कहा कि देश भर में लगभग 15 लाख राजकीय और प्राइवेट विद्यालय है जिसमें से 11 लाख राजकीय तो 4 लाख प्राइवेट विद्यालय है जो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे है। लेकिन देखने में आया है कि अधिकतर विद्यालयों में एक से पांच बच्चों को स्कॉलरशिप दी जाती है,लेकिन यहां 24-24 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देना अपने आप में गौरब की बात हैं जो विद्यालय प्रशासन का सराहनीय



कदम है। उक्त बातें मुक्ता अग्रवाल ने सेक्टर दो स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव के दौरान कहें। मुक्ता अग्रवाल ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस विद्यालय में एक और बेहतर बात यह देखने में आई कि भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी नीति को अगे बढ़ाते हुए छात्राओं के लिए जो निशुल्क दाखिला रखा हुआ है उसकी जितनी प्रसंशा की जाएं कम है। मेरा मानना है कि विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल बल्लभगढ़ क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार देने के लिए निंरतर प्रयासरत है। इस क्रम में विद्यालय के निदेशक दीपक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार उनके ग्रेटर फरीदाबाद घरौड़ा इंटरनेशनल स्कूल में लगभग सात लाख रूपए की स्कालरशिप दी है इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सेक्टर दो स्थित विद्यालय में लगभग 24 विद्यार्थियों को चैक के माध्यम से लगभग पांच लाख रूपए की स्कॉलरशिप बेहतर प्रदर्शन के लिए दी गई हैं। वहीं अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल ज्योति ने कहा कि हम अपने विद्यालय में छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए छात्राओं को विद्यालय की स्थापना से ही दाखिला फ्री फीस रखा हुआ है। वहीं दोनों विद्यालय में स्कॉलरशिप के लिए चयन किए गए विद्या?थयों में छात्राओं की संख्या अधिक होना, हमारे प्रयास का एक बेहतर कदम है। विद्यालय इसी तरह छात्राओं के साथ छात्रों की पढ़ाई के लिए निंरतर बेहतर प्रयास होता रहेगा। वहीं सेक्टर दो में जिन विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी गई है,उनमें नर्सरी ए से अराध्या, नर्सरी बी से भव्या, जूनियर केजी ए से वर्तिका, जूनियर बी से चिराग, सीनियर केजी ए से खुशबू, सीनियर केजी बी से रजत, फर्स्ट ए से मिशका, फर्स्ट बी से शौरबीं, फर्स्ट सी से खुशहाल, द्वितीय ए से कतवी कौशिक, द्वितीय बी से धैर्या, तृतीय ए से मानशी, तृतीय बी से रिदित चौधरी, चुतुर्थ कक्षा से मयंकवी, चुतर्थ बी से हिमांश कौशिक, पांचवीं ए से लक्ष्य प्रताप, पांचवीं बी से उन्नति कौशिक, छठीं ए से देवांश, छठीं बी से पहल, सातवीं कक्षा से भूमिक गोयल तो आठवीं कक्षा से भव्या वहीं नौवीं क्लास से यशिका को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में पहुंचने पर अतिथियों और अभिभावकों को आभार व्यक्त किया गया।

# जीवा पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए स्वास्थ्य संबंधी ऑरेंटशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** फरीदाबाद सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में आज नर्सरी कक्षा से लेकर पाँचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए पैरेंट्स ऑरेंटशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर परिचर्चा की गई। जीवा पब्लिक स्कूल एक आयूर स्कूल हैए जहाँ पर सभी के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है। आज के कार्यक्रम में भी बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ स्वास्थ्य को केंद्रित किया गया। इसके अलावा जीवा स्कूल में सिखाए जाने वाले सिद्धांतों को भी दशार्या गया सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि विद्यालय में भारतीय संस्कृति को विशेष महत्त्व दिया जाता हैए इसलिए कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की पद्धति के अनुसार सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। अभिभावकों का रजिस्ट्रेशन किया गया और उसके उपरांत वातए पित्त और कफ का बॉडी टाइप टेस्ट किया गया और उन्हें बॉडी टाइप के अनुसार उस रंग का कार्ड दिया गयाए और इसी आधार पर अभिभावकों ने प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर आयुवेर्दाचार्य डॉ0 प्रताप चौहान ने सभी के प्रश्नों का उत्तर दिया एवं उनकी समस्याओं का भी समाधान किया। विद्यालय में ऑरिन्टेशन का यह कार्यक्रम एक प्रयास है कि छात्रों को अवसर मिले कि वह अपनी क्षमता और कार्यकुशलता को पहचान सकें।



इसके साथ ही अभिभावकों के लिए भी यह एक अच्छा अवसर है कि वे अपने बच्चों को समझेंए अपने बच्चों को सही दिशा निर्देश दें जिससे कि छात्र अपने भविष्य को सफल दिशा की ओर ले जाएँ। अभिभावकों को बताया गया कि वे विद्यालय की फिलॉस्फी को अवश्य अपनाए और अपने बच्चों को नैतिक शिक्षा अवश्य दें साथ ही वे उन्हें दिनचर्या के नियम और स्वाध्याय अवश्य करने के लिए कहें जिससे कि वे अपनी कमियों को सुधार सकें। इस कार्यक्रम में विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति और उसके व्यवहारिक पद्धति पर प्रकाश डाला गया और बताया कि विद्यालय द्वारा दी जाने वाली उच्चकोटि की शिक्षण पद्धति के कारण ही विद्यालय शिक्षा क्षेत्र में अलग स्थान रखता है।
 इस दौरान डॉ0प्रताप चौहान ने उपस्थित सभी अभिभावकों से कहा कि वे अपने वातएपित्तएकफ के विषय समझे सर्वप्रथम अपनी प्रकृति को समझे और अपने शरीर में पनपने वाले दोषों को जानेए यदि मनुष्य को अपनी प्रकृति का पता होगा तो वे उसी के अनुसार अपना भोजन करेंगे और वे कभी बीमार नहीं होंगे।

# ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरियंटेशन डे )

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)।** 1 अप्रैल 2023 ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में अभिविन्यास कार्यक्रम अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने अभिभावकों का भव्य स्वागत करते हुए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक श्री सुरेश चंद्र जी, प्रबंधक निदेशक श्री हार्दिक सोरायण जी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका शर्मा जी रहे। विद्यालय के सभी अध्यापक - गण भी इस समारोह में शामिल हुए । इस खास दिन के मुख्य अतिथि



डॉक्टर शंकर गोयनका रहे जोकि एक प्रेरक वक्ता और शिक्षाविद हैं ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका शर्मा जी ने आए हुए सभी अतिथि गण के साथ दीप प्रज्वलित करके किया । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपिका शर्मा जी ने विद्यालय में आए सभी अतिथियों को संबोधित किया ।उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नन्हें कोलंबियन ही हमारे देश की धरोहर को संभालने वाले हैं। विद्यालय के निदेशक श्री सुरेश चंद्र जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि ,बच्चे ही किसी देश की असली संपत्ति होते हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 02 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' ने पूरा किया एक वर्ष

## पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, उपलब्धियों भरा रहा आदर्श रसोई का एक वर्ष, सभी ने मिलकर किया सेलिब्रेट









**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। धीरे-धीरे आदर्श रसोई ने एक नया मुकाम स्थापित किया है और 1 वर्ष की खास उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि को आदर्श रसोई की टीम ने बेहद ही खास ढंग से सेलिब्रेट किया और आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी।




### आदर्श रसोई में स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "आदर्श रसोई" ने अपना 48वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### अनुभव धीर ने किया विधिवत रूप से आदर्श रसोई का शुभारंभ

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "राकेश भारद्वाज चौक" पर कार्यक्रम में पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर रहे। अनुभव धीर ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत अनुभव धीर ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक था। साथ ही अतिथियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी उत्साह देखते ही बनता था।

### क्या बोले अनुभव धीर

इस विशेष मौके पर अनुभव धीर ने राकेश भारद्वाज चौक आदर्श रसोई के रविवारी कार्यक्रम को एक वर्ष पूर्ण पर पूरी टीम को बधाई दी और विशेष उपलब्धि करार दिया। अनुभव धीर ने कहा कि आदर्श रसोई पिछले 48 हफ्तों से नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का आयोजन कर रही है। आदर्श रसोई आज समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर चुकी है। आज आदर्श रसोई अगर इस मुकाम पर पहुंची है तो इसका सारा श्रेय पूरी टीम को जाता है। जो पिछले 48 हफ्तों से निरंतर व नियमित रूप से आदर्श रसोई को विशेष भव्य व रोचक बनाने के लिए प्रयासरत रही। अनुभव धीर ने कहा कि आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। पुण्य आत्मा श्रद्धेय, हर दिल अजीज, राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच और समाज के प्रति दायित्व को को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### आदर्श रसोई के माध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : मोहन गर्ग

आदर्श रसोई की नींव हर दिल अजीज, मेरे सुख-दुख के साथी राकेश भारद्वाज जी और सुरेंद्र चोपड़ा जी ने रखीं थी। निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करते हुए जरूरतमंदों तक पहुंचना। राकेश भारद्वाज जी के आदर्शों पर चलते हुए पिछले 48 हफ्तों से राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का निरंतर रूप से आयोजन हो रहा, इसके लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को बधाई व अभिनंदन। अभी रूकना नहीं है, थकना नहीं है, इस मुहिम को हम सभी को आगे लेकर जाना है।

### उपलब्धियों भरा रहा आदर्श रसोई का एक वर्ष : रवि भारद्वाज

आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज ने कहा कि पिछले 1 वर्ष से आदर्श रसोई की टीम ने पूरी मेहनत व निस्वार्थ भाव से मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए आदर्श रसोई का आयोजन कर रही है। यह एक वर्ष उपलब्धियों भरा रहा। इस एक वर्ष के दौरान हमने हर परिस्थिति में आदर्श रसोई के रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने की कोशिश की।

जहां 15 अगस्त 2022 को भव्य झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया वहीं, आदर्श रसोई से जुड़े लोगों और परिवारों का जन्मदिवस भी सेलिब्रेट किया गया। साथ ही समाजसेवियों ने आदर्श रसोई के माध्यम से अन्न दान करके धर्मलाभ कमाया। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।
















आदर्श रसोई ने पिछले 43 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यक्रम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **–अनुभव धीर, पूर्व निगम प्रत्याशी**



ये आदर्श रसोई का 48वां रविवारीय आयोजन था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। हर कोई अपने योगदान देना चाहता है। हर कोई आदर्श रसोई के कार्यक्रम में अपना योगदान देना चाहता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं। **– मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**




आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **–सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**



आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की निःस्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **– रवि भारद्वाज, संयोजक**



आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम निःस्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन **–पम्मी मल्होत्रा, महासचिव**



आदर्श रसोई पिछले 48 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम के लिए मीटिंग करती है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन। **–गुदयाल छाबड़ा, संरक्षक**





